दैनिक
# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-128 | झुंझुनू (राजस्थान) | गुरूवार, 2 अप्रैल, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'शांत मन सबसे बड़ी शक्ति है–जो व्यक्ति अंदर से स्थिर होता है, वही बाहर की हर हलचल को संभालने की क्षमता रखता है।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## गिरकर उठने की शक्ति ही जीवन की सच्ची जीत है

जीवन एक निरंतर यात्रा है, जिसमें उतार-चढ़ाव, संघर्ष, सफलता और असफलता सब साथ चलते हैं। कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जिसने अपने जीवन में कभी ठोकर न खाई हो। गिरना, असफल होना या गलती करना जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया है–यह अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत का संकेत होता है। फिर भी, समाज में अक्सर असफलता को नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता है, जबकि वास्तविकता यह है कि असफलता ही हमें सफलता के लिए तैयार करती है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है। जब कोई व्यक्ति असफल होता है, तो उसके सामने दो रास्ते होते हैं–या तो वह निराश होकर हार मान ले, या फिर अपने अनुभवों से सीख लेकर दोबारा प्रयास करे। यहीं से व्यक्ति के चरित्र की असली परीक्षा शुरू होती है। असफलता हमें यह सिखाती है कि हमने कहां गलती की, क्या सुधार करना चाहिए और आगे किस दिशा में बढ़ना है। यह हमें मानसिक रूप से मजबूत बनाती है और जीवन के प्रति हमारी समझ को गहराई देती है।

आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में सफलता का दबाव इतना बढ़ गया है कि लोग असफलता को सहन ही नहीं कर पाते। विशेषकर युवाओं में यह प्रवृत्ति देखने को मिलती है कि एक बार असफल होने पर वे स्वयं को कमजोर मान लेते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि असफलता किसी की क्षमता का प्रमाण नहीं होती, बल्कि यह केवल एक पड़ाव है। जो व्यक्ति इस पड़ाव को पार कर जाता है, वही जीवन में आगे बढ़ता है। जीवन को यदि हम साइकिल चलाने के समान समझें, तो यह बात और स्पष्ट हो जाती है। साइकिल चलाते समय संतुलन बनाए रखने के लिए लगातार आगे बढ़ना पड़ता है। यदि हम रुक जाते हैं, तो गिरना निश्चित है। इसी प्रकार, जीवन में भी निरंतर प्रयास करते रहना ही सफलता का मूल मंत्र है। गिरना कोई समस्या नहीं है, समस्या तब होती है जब हम उठने की कोशिश छोड़ देते हैं।

संघर्ष और कठिनाइयां हमें भीतर से मजबूत बनाती हैं। आज जो दर्द, आंसू और कठिनाइयां हमें परेशान करती हैं, वही कल हमारी सबसे बड़ी ताकत बन जाती हैं। इतिहास गवाह है कि जो लोग जीवन में बार-बार गिरे, वही आगे चलकर सबसे अधिक सफल हुए। उन्होंने अपनी कमजोरियों को अपनी ताकत में बदला और हर असफलता को एक नई सीख के रूप में स्वीकार किया। यह भी महत्वपूर्ण है कि हम अपने जीवन की असफलताओं को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखें। हर असफलता के पीछे कोई न कोई कारण होता है, जिसे समझना और सुधारना ही आगे की सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। यदि हम हर गिरावट के बाद अपने अंदर झांककर यह जानने का प्रयास करें कि कहां कमी रह गई, तो निश्चित रूप से हम भविष्य में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। समाज और परिवार की भूमिका भी इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अक्सर देखा जाता है कि असफल व्यक्ति को आलोचना और तिरस्कार का सामना करना पड़ता है, जिससे उसका आत्मविश्वास और गिर जाता है। ऐसे समय में उसे प्रोत्साहन, समझ और सहयोग की आवश्यकता होती है। यदि हम अपने आसपास के लोगों को गिरने पर संभालने का प्रयास करें, तो वे निश्चित ही फिर से उठकर आगे बढ़ सकते हैं।

**अंततः**, यह समझना आवश्यक है कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती। इसके लिए निरंतर प्रयास, धैर्य और आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है। जो व्यक्ति बार-बार गिरकर भी उठने की हिम्मत रखता है, वही सच्चे अर्थों में विजेता होता है। हार मान लेना आसान है, लेकिन संघर्ष करते रहना ही असली साहस है।

इसलिए, जीवन में जब भी आप गिरें, तो निराश न हों। उस गिरावट को एक अवसर के रूप में देखें–कुछ नया सीखने का, खुद को और बेहतर बनाने का। धूल झाड़िए, अपने मनोबल को मजबूत कीजिए और फिर से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ चलिए। याद रखिए, अंत तक संघर्ष करने वालों की ही जीत होती है। यही जीवन का सत्य है और यही सफलता का मूल मंत्र भी।

# शिक्षा विभाग ने सत्र 2026-27 का शिविरा पंचांग किया जारी

## गर्मी की छुट्टी 10 दिन कम, सर्दी का अवकाश अब जनवरी में

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर/बीकानेर ।** शिक्षा विभाग ने सत्र 2026-27 का शिविरा पंचांग जारी कर दिया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश 10 दिन कर कर दिया है, जबकि शीतकालीन अवकाश की छुट्टियां जनवरी में की गई हैं। सत्र में 237 कार्यदिवस रहेंगे। 69 अवकाश, 52 रविवार, 4 शैक्षिक सम्मेलन के अवकाश और 1 एचएम पावर का अवकाश सहित मिलाकर 126 छुट्टियां रहेंगी। 2 दिन कलेक्टर की ओर से घोषित अवकाश भी होगा। अर्द्धवार्षिक परीक्षा अक्टूबर में और वार्षिक परीक्षा मार्च में होगी। अब संस्था प्रधान पावर की छुट्टियां कम कर दी गई है। पहले संस्था प्रधान को पूरे साल में 2 अवकाश का पावर था। अब एक ही कर दिया गया है। उधर, शिक्षक संगठनों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में 10 दिन की कटौती का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर सरकार स्पष्ट आदेश जारी करे।

शीतकालीन अवकाश जनवरी में शिफ्ट जनवरी के महीने में कड़ाके की सर्दी को देखते हुए बार बार अवकाश में बढ़ोतरी करनी पड़ती है। इस परेशानी को दूर करते हुए विभाग ने इस बार शीतकालीन अवकाश जनवरी में ही शिफ्ट कर दिया है। पहले 31 दिसंबर से 5 जनवरी तक होता था। अब इसको 31 दिसंबर से 10 जनवरी कर दिया गया है। इस साल भी 5 जनवरी से 15 जनवरी के बीच पूरे प्रदेश के अधिकांश जिलों में कड़ाके की सर्दी के चलते अवकाश में बढ़ोतरी की गई थी। शिक्षामंत्री मदन दिलावर का कहना है कि मौसम में बदलाव के चलते सर्दी अब जनवरी में अधिक पड़ती है। कई बार सर्दी के कारण अलग से अवकाश घोषित करना पड़ता है। इस कारण इस बार शीतकालीन अवकाश 10 जनवरी तक किया गया है।




**पंचांग की प्रमुख तिथिनया सत्र 1 अप्रैल से**

**ग्रीष्मकालीन अवकाश - 17 मई से 20 जून तक रहेगा**

शैक्षिक सम्मेलन जिला - 18 से 19 सितंबर

मध्यावधि अवकाश - 4 से 15 नवंबर तक

शैक्षिक सम्मेलन राज्य - 27 से 28 नवंबर

शीतकालीन अवकाश - 31 दिसं. से 10 जन. तक रहेगा

**परीक्षाएं इस प्रकार होंगी**

**पहला टेस्ट** - 13 मई से 15 मई तक
**दूसरा टेस्ट** - 17 से 19 अगस्त
**अर्द्धवार्षिक परीक्षा** - 15 से 29 अक्टूबर तक
**वार्षिक परीक्षा** - 8 से 20 मार्च तक

प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष विपिन प्रकाश शर्मा का कहना है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती गलत है। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन शर्मा, प्रवक्ता मुकेश मीणा का कहना है शिक्षक संगठनों ने शिक्षामंत्री से कटौती पर विरोध जताया था।

# सिधु मुस्सेवाला हत्याकांड के आरोपी पवन बिश्नोई को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

## पिछले चार वर्षों से पंजाब की फरीदकोट जेल में बंद है

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** विश्व विख्यात पंजाबी गायक सिद्दू मुसेवाला के हत्याकांड में शामिल फतेहाबाद जिले के भिरडाना निवासी पवन बिश्नोई को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है। इससे पहले पवन ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई जोकि नामंजूर हो गई थी। गौरतलब है मई 2022 में गायक सिद्धू मुसेवाला की मानसा के जवाहरके गांव में एके 47 रायफल और पिस्टलों से गोलियां चलाकर हत्या कर दी जाती है। आरोप है की इस हत्या को अंजाम देने वाले शार्प शूटरो को लारेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ के कहने पर ही पवन बिश्नोई द्वारा बोलेरो गाड़ी मुहैया करवाई गई थी। वहीं हत्या के बाद भी पवन को शूटरों की मदद करने का आरोप है। जिसके चलते पवन बिश्नोई पिछले चार सालों से पंजाब की फरीदकोट जेल में बन्द था ।



# हेमन्त यादव को खेरथल-तिजारा ओबीसी प्रकोष्ठ का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (OBC विभाग) के सम्माननीय नेतृत्व ने हेमन्त यादव गांधी नगर को जिला कांग्रेस कमेटी खेरथल-तिजारा OBC प्रकोष्ठ के सोशल मीडिया प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति पर हेमन्त यादव ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (OBC विभाग) के नेताओं के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है, जिनके विश्वास और समर्थन से उन्हें यह महत्वपूर्ण पद प्राप्त हुआ। हेमन्त यादव की इस नई भूमिका में वे खेरथल-तिजारा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की सोशल मीडिया गतिविधियों को मजबूत बनाने और पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति से OBC प्रकोष्ठ को एक सक्षम और युवा नेतृत्व मिला है, जो सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से प्रचारित करने में सक्षम होगा।

हेमन्त यादव की इस उपलब्धि से न केवल उनके समर्थकों में उत्साह है, बल्कि पार्टी के कार्यकर्ताओं में भी नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उनकी सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में नियुक्ति से खेरथल-तिजारा क्षेत्र में कांग्रेस की उपस्थिति और मजबूत होने की उम्मीद है।



# गोयनका स्कूल घस्सू लक्ष्मणगढ़ के कक्षा 12 विज्ञान एवं कला वर्ग के विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

गोयनका स्कूल घस्सू लक्ष्मणगढ़ में कक्षा 12 विज्ञान एवं कला वर्ग का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय प्रांगण में आमंत्रित सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का माला पहनाकर, तिलक लगाकर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया तथा मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का उत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में कोमल कंवर पुत्री गुमान सिंह ने 96? प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, खुशबू भड़िया पुत्री मुकेश कुमार ने 90.80 प्रतिशत द्वितीय स्थान, अशोक कुमार पुत्र राजू ख्यालिया ने 85.60 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किए जाने पर सम्मानित किया जबकि गणित विषय के अध्यापक राकेश कलवानिया को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया तथा कला वर्ग में ऋषिका पुत्री हेतराम ने 95.20 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, गार्गी पुत्री मनोज सिंह ने 94.40 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, राहुल शर्मा पुत्र कमल किशोर शर्मा ने 89.40 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मोहनी देवी बी.एड. कालेज प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार बुडानिया एवं मोहनी देवी महिला महाविद्यालय की प्राचार्य अर्चना शर्मा उपस्थित रहें। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मदनलाल ढाका ने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया एवं विद्यार्थियो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।




# आज अटेली कार्यालय में जनसमस्याएं सुनेंगी स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव

**भीम प्रज्ञा न्यूज. मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण ।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव आज दो अप्रैल को अटेली स्थित अपने कार्यालय में क्षेत्र के लोगों की जनसमस्याएं सुनेंगी। इस दौरान आमजन अपनी समस्याएं सीधे मंत्री के समक्ष रख सकेंगे जिनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा। जानकारी देते हुए ग्रीवेंस कमेटी सदस्य विजय उर्फ सोनू दौगड़ा अहीर ने बताया कि आज स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव रेवाड़ी से चलकर सुबह नौ बजे माजरा गांव में शहीद सिद्धार्थ अमर वाटिका का उद्घाटन करेंगी। इसके पश्चात वह सुबह 10 बजे अटेली नगर पालिका के वाइस चेयरमैन रामकिशन जागड़ा के निवास पर पहुंचेंगी एवं साढ़े 10 बजे चेयरमैन संजय गोयल के निवास स्थान पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लेंगी। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री सुबह 11 बजे अपने अटेली कार्यालय में पहुंचकर जनसमस्याएं सुनेंगी। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।? ताकि लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे अपनी समस्याएं लेकर निर्धारित समय पर पहुंचें, जिससे उनका शीघ्र निस्तारण हो सकें।

# स्नेहा यादव की उड़ान को मिली रफ्तारः कैंब्रिज ग्रुप सिमनी ने स्कूटी देकर किया सम्मान

## 12वीं विज्ञान वर्ग में 98.40% अंक के साथ जिले में अव्वल, ग्रामीण बेटियों के लिए बनी प्रेरणा

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.पचेरी।**

प्रतिभा जब मेहनत से मिलती है तो इतिहास बनता है, और ऐसा ही कर दिखाया है कैंब्रिज स्कूल सिमनी की छात्रा स्नेहा यादव ने। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं विज्ञान वर्ग परीक्षा परिणाम 2026 में 98.40' अंक प्राप्त कर स्नेहा यादव ने झुंझुनूं जिले में शीर्ष स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि को सम्मानित करते हुए कैंब्रिज एजुकेशन ग्रुप सिमनी द्वारा उनके ननिहाल ढाणी दोचाना में भव्य स्कूटी वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था निदेशक रहीश यादव ने स्नेहा यादव को स्कूटी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'जब बेटियां उड़ान भरती हैं, तो पूरा समाज रोशन होता है। स्नेहा यादव हर उस बेटी के लिए प्रेरणा है, जो अपने सपनों को साकार करना चाहती है।' उन्होंने छात्रा के माता-पिता एवं नाना-नानी का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग और संस्कारों ने इस सफलता को संभव बनाया।

### ननिहाल में रहकर रचा सफलता का इतिहास

स्नेहा यादव ने अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई करते हुए यह मुकाम हासिल किया, जो उनके समर्पण और अनुशासन का प्रतीक है। सीमित संसाधनों के बावजूद उनका यह परिणाम यह दर्शाता है कि मजबूत इच्छाशक्ति के सामने कोई बाधा बड़ी नहीं होती।




### शिक्षा के साथ नवाचार का अनूठा उदाहरण

कैंब्रिज एजुकेशन ग्रुप ने केवल परिणाम ही नहीं, बल्कि प्रतिभा को प्रोत्साहन देने का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्कूटी वितरण जैसी पहल न केवल छात्रा को सम्मानित करती है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती है।

### ग्रामीण शिक्षा में बना 'साइंस वैली' मॉडल

सिंघाना-बुहाना क्षेत्र में कैंब्रिज एजुकेशन ग्रुप ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। इंग्लिश मीडियम में सीबीएसई और आरबीएसई दोनों बोर्ड में उत्कृष्ट परिणाम देकर संस्थान ने 'साइंस वैली' के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। निदेशक रहीश यादव के नेतृत्व में यह संस्थान ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को हॉस्टल सुविधा के साथ आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है।

### बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति

समारोह में पूर्व सरपंच मेहरचंद, मास्टर सुदर्शन, मास्टर नरेंद्र, सूबेदार रामनिवास, रमेश, नेतराम, शेर सिंह, छात्रा की नानी सुमित्रा देवी, मामा सोनू, धर्मवीर (निदेशक, विवेकानंद शिक्षण संस्थान), विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र जांगिड़ सहित अनेक गणमान्य लोग, अभिभावक एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बेटियों के लिए प्रेरणा बनी स्नेहा

स्नेहा यादव की यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे ग्रामीण समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है कि यदि अवसर और प्रोत्साहन मिले तो बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। यह सम्मान समारोह शिक्षा, नवाचार और प्रेरणा का अद्भुत संगम बनकर उभरा, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से ग्रामीण प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

# छोटी बातें बड़े काम की..



दूध को उबलने से बचाने के लिए बर्तन के किनारों पर जरा सा घी लगा दें।

- विटामिन ई के कैप्सूल के अंदर से निकलने वाले पाउडर को जले हुए स्थान पर लगाने से जल्द आराम मिल जाता है।
- नेल पॉलिश को परफ्यूम की सहायता से साफ किया जा सकता है।
- -अगर जूतों के फीतों की टिप निकल जाए तो फीते के किनारों पर नेलपालिश लगाकर उसे सख्त किया जा सकता है।
- कांच के सामान को धोने से पहले वाशबेसिन में तौलिया बिछा दें इससे उनके टूटने या चटकने की संभावना कम रहती है।
- टी-बैग्स को गर्म पानी में भिगोकर उस पानी को करीब बीस मिनट के लिए अपनी आंखों के नीचे लगाने पर वहां की सूजन को दूर किया जा सकता है।
- इंजेक्शन लगने के बाद होने वाली तकलीफ, सनबर्न तथा रेजर से कट जाने पर कुछ टी-बैग्स को पानी में भिगोने के बाद चोट वाले स्थान पर लगाएं।
- कुम्हलाई हुई सब्जियों को नींबू की कुछ बूंद पड़े ठंडे पानी में एक घंटा तक भिगो दें। सब्जियां ताजा हो जाएंगी।
- चाय का स्वाद बढ़ाने के लिए उबालते समय इसमें सूखे या ताजे संतरे के कुछ छिलके डाल दें।
- रबर बैंड को गर्मी के कारण चिपकने से बचाने के लिए उसके डिब्बे में थोड़ा सा टैल्कम पाउडर डाल दें।
- जले हुए दूध की महक दूर करने के लिए इसमें पान के दो पत्ते डालकर कुछ मिनट उबालें।

# स्टोन पेंटिंग से सजाएं घर



इमारतों के निर्माण के साथ घर की सजावट में भी पत्थरों की अहम भूमिका है। आर्टीफेक्ट्स के अलावा पत्थरों के जरिये बनाई जाने वाली पेंटिंग्स की खूबसूरती का भी कोई जवाब नहीं। घर के लिविंग रूम, किड्स रूम और बेडरूम के अलावा पूजाघर की सज्जा में भी ऐसी पेंटिंग्स का इस्तेमाल किया जा सकता है..

संगमरमर, ग्रेनाइट, कोटा स्टोन या फिर कसौटी पत्थर के विविध रूपों का इस्तेमाल बिल्डिंग्स के निर्माण और उनकी सजावट के लिए वर्षो से होता रहा है। लाल पत्थर से बने बात चाहे दिल्ली के लाल किला की हो या फिर सफेद संगमरमर से दमकते ताजमहल की। सैंड स्टोन से बने कोणार्क के सूर्य मंदिर और लिंगराज मंदिर की खूबसूरती भी कुछ कम नहीं। वैसे इन सभी इमारतों में एक चीज समान है और वो यह कि पत्थर से विभिन्न तरह के पत्थरों से बनी इन इमारतों की खूबसूरती अद्वितीय है। इमारतों के निर्माण, उनकी फ्लोरिंग आदि से लेकर पत्थरों से बने आर्टीफेक्ट्स के जरिये घर व ऑफिस की सुंदरता बढ़ाने के पत्थरों का इस्तेमाल वैसे तो सदियों से किया जा रहा है। लेकिन आज के दौर में पत्थर का इस्तेमाल एक नए रूप में भी हो रहा है। जिसे जाना जाता है स्टोन पेंटिंग के नाम से।

पत्थरों के रंग-बिरंगे छोटे-बड़े टुकड़ों का चूरा बनाकर विविधता भरे डिजाइनों पर इन्हें चिपका कर चमकीली स्टोन पेंटिंग तैयार की जाती है। जो कि देखने में बेहद आकर्षक होती है। इस तरह की पेंटिंग से घर की सज्जा को नई जीवंतता दी जा सकती है। ऐसी पेंटिंग तैयार करने के लिए ऐमेथिस्ट, कैल्सीडोना, कोर्नोलियन, एग्टे, ब्लड स्टोन आदि का इस्तेमाल किया जाता है। स्टोन पेंटिंग बनाने के लिए कैनवास पर मनचाही आकृति बना लेने के बाद उस पर गोंद जैसा एक खास तरह का चिपकने वाला पदार्थ लगाया जाता है। इसे लगाने के बाद बड़ी सफाई के साथ कैनवास या शीट पर रंग-बिरंगे पत्थरों को चिपकाने के बाद सूखने के लिए छोड़ दिया जाता है।

पूरी तरह सूख जाने के बाद इन पेंटिंग्स के रंगों में भी ऑयल पेंटिंग जैसा ही लुक आ जाता है। यह भी आप और आपके घर आने वाले मेहमानों का उतना ही ध्यान आकर्षित करने में समक्ष हैं जितना कि ऑयल या फिर ग्लास पेंटिंग की खूबसूरती किसी को आकृष्ट करती है।

अगर आप अपने घर को इस तरह की पेंटिंग से सजाना चाहते हैं तो विभिन्न बाजारों से इन्हें खरीद सकते हैं। आर्ट गैलरीज के अलावा साउथ एक्सटेंशन के डिपार्टमेंटल स्टोर्स, कनॉट प्लेस और हौज खास जैसे इलाकों में स्थित आर्ट गैलरियों में इनकी विविधता भरी वेरायटी देखी जा सकती है। स्टोन पेंटिंग के रूपों में जहां राजसी परिवारों के




राजा और रानियों के चित्र देखे जा सकते हैं, वहीं इनके जरिये की गई लैंड-स्केपिंग भी आंखों को कुछ ऐसी ताजगी देती है कि मन करता है कि पेंटिंग से नजरें हटाई ही न जाएं। आप चाहें तो ईश्वर की आकृतियां वाली स्टोन पेंटिंग भी ले सकते हैं। खासकर घर या फिर ऑफिस के पूजाघरों के लिए इन्हें उपयुक्त कहा जा सकता है। इसके अलावा बच्चों के कमरों में इन्हें सजाने के लिए उनके पंसदीदा कार्टून कैरेक्टर्स के चेहरे के रूप में भी लिया जा सकता है।

जहां तक ऐसी पेंटिंग्स की कीमत का सवाल है तो इसमें इनका आकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही पेंटिंग बनाने में कैसे और कौन सी किस्म के पत्थर का इस्तेमाल किया गया है, यह भी उसकी कीमत को प्रभावित करती है। वैसे डेढ़ फुट की लंबाई-चौड़ाई वाल
ी ऐसी पेंटिंग के
लिए आपको कम से कम
कम डेढ़ हजार रुपये का बजट रखना होगा। जैसे-जैसे आकार और पेंटर की मेहनत बढ़ेगी इसकी कीमत में भी इजाफा होता जाएगा।

पेंटिंग के पत्थरों से बनने की वजह से अगर आप इनकी देख-रेख को लेकर चिंतित हैं, तो फिक्र की कोई बात नहीं, क्योंकि फोटोग्राफ्स की तरह आमतौर पर इन्हें फ्रेम करा दिया जाता है, जिससे कि पत्थरों पर धूल-मिट्टी न पड़े। हां, अगर फ्रेम के शीशों पर धूल जमे तो सूखे और फिर हल्के गीले कपड़े से इन्हें साफ किया ही जा सकता है।

आम तौर पर पेंटिंग के रूप में घरों में ज्यादातर ऑयल कलर्स की पेंटिंग्स ही देखने को मिलती हैं। लेकिन अपने घर में कुछ अलग और नया करने के लिए आप भी स्टोन पेंटिंग का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# ऐसा हो किचन



परिवार छोटा हो या बड़ा, बैचलर हों या फिर बुजुर्ग, हर किसी के लिए कुछ अलग तरह के किचन की जरूरत पड़ती है। बुजुर्ग और बड़े परिवार के लिए कैसा हो किचन और कैसी सुविधाएं हों इसमें मौजूद..

घर में बैचलर हों तो छोटे किचन से काम चल जाता है, लेकिन परिवार बड़ा हो तो किचन में ज्यादा स्पेस का होना स्वाभाविक भी है। साथ ही खाना बनाने के अलावा दूसरे अप्लायंसेज की जरूरत भी कुछ ज्यादा ही होती है। इसी तरह से यदि घर में सिर्फ बुजुर्ग ही हों तो भी किचन में कुछ खास चीजों के अलावा किचन का डिजाइन अलग तरह का होना जरूरी है। कैसे परिवार के लिए कैसा हो किचन आइये जानते हैं-

**बुजुर्गो के लिए**

- पहले आप जितना चल-फिर पाते थे या काम कर पाती थीं हो सकता है अब आप उतना मूव नहीं कर पाएं इसलिए किचन ऐसे ढंग से व्यवस्थित करें जहां आपको बार-बार पीठ झुकानी और घुटने मोड़ने न पड़े। आपकी जरूरत का सारा सामान आपके चारों ओर हो। यहां दिए गए उपायों को अपनाकर आप अपने किचेन को सुविधाजनक बना सकते हैं।
- ऐसी फ्लोरिंग चुनें जिसे साफ करना आसान हो। इसके लिए सिरेमिक टाइल्स, टेक्सचर्ड टाइल्स, बैंबू या इसी प्रकार कोई भी फ्लोर मटीरियल चुनें। ताकि फिसल कर गिरने का डर भी न हो।
- बुजुर्गो के लिए मॉड्यूलर किचन बेस्ट विकल्प है। ताकि नीचे वाले कैबिनेट का इस्तेमाल करने में ज्यादा मशक्कत न करनी पड़े। किचन के अंदर ही मेज और दो कुर्सी की व्यवस्था ताकि सब्जी वगैरह काटते समय या बीच में आराम के लिए बैठा जा सके।
- किचन का लेआउट इस प्रकार हो कि वह सुरक्षित भी हो। सामने की तरफ एक खिड़की भी हो ताकि वेंटीलेशन हो सके।
- सीढ़ियों का प्रयोग न करें। अगर आप रैंच होम में रह रहे हैं तो सीढ़ियों को पाट दें या बराबर कर दें ताकि दिनभर ऊपर नीचे न करना पड़े।
- किचेन खुला और जगह वाला चाहिए ताकि आपको चलना-फिरना आसान हो।
- डाइनिंग एरिया के निकट ही किचेन होना चाहिए। ताकि पुरानी हैवी कटलरी/डिशेज़ उठाकर डाइनिंग टेबल तक ले जाना आसान हो। आप चाहें तो सामान ले जाने के लिए ट्रॉली का इस्तेमाल भी कर सकते हैं लेकिन इसके किचेन की फ्लोरिंग फ्लैट होनी चाहिए।
- सबसे महत्वपूर्ण है नेचुरल लाइट। इस उम्र में नजर कमज़ोर होने के कारण चीजों को देखना भी मुश्किल हो जाता है इसलिए तेज लाइट की व्यवस्था होनी जरूरी है।
- किचेन का रंग हलका चुनें ताकि वह खुला-खुला व साफ नजर आए।

**5 जरूरी चीज़ें**

- वाइब्रेटिंग लिक्विड लेवल इंटीकेटर
- माइक्रोवेब
- फूड एटीमर
- पोर होल्डर
- नॉन-स्लिप प्लेसमैंट

**बड़े परिवार के लिए**

ऐसे परिवार में आमतौर पर किचन के काम के लिए घरेलू सहायक होते हैं। इसलिए यहां बड़े और खुली जगह वाले किचन की जरूरत होती है। किचन का रोजमर्रा और 80 प्रतिशत काम घरेलू सहायक करते हैं इसलिए होममेकर के लिए उसी किचन में अपनी पसंद का कुछ बनाने के लिए सैपरेट काउंटर और बर्नर की जरूरत होती है।

- ऐसे परिवार के लिए लेजर किचन परफेक्ट होता है। यहां सामान डबल होता है। किचन अप्लायंस और उपकरणों का डबल सेट होता है। इसमें बार भी होता है।
- दो फ्रिज रखने के लिए कैबिनेट होना चाहिए।
- बर्तन धोने की जगह अलग होनी चाहिए और छोटी-मोटी जरूरत के लिए छोटा सिंक किनारे बनवाना चाहिए।
- छह बर्नर वाला एक चूल्हा और दो बर्नर वाला एक चूल्हा रखना चाहिए।
- फ्लैप ग्रेनाइट का रखें और काउंटर आर सी सी बेस होनी चाहिए ताकि अगर कभी कोई सामग्री कूटनी हो तो प्लैटफार्म में दरार न पड़े।
- टाइल्स फ्लोर रखें ताकि किचन बड़ा और साफ सुथरा दिखे। स्टोरेज की जगह जरूरी है।
- रंग ओक या बेज रखें ताकि खुला-खुला नजर आए।
- जगह बड़ी हो तो किचन के मध्य में डाइनिंग टेबल भी रख सकते हैं ताकि खाना बनाने के साथ परिवार के लोग होममेकर के साथ एंजॉय भी कर सकें। लाइव कुकिंग का मज़ा ही अलग होता है।

**5 जरूरी चीज़ें**

- स्लो कुकर/क्रॉकपॉट
- मीट टेंडराइज़र
- फूड प्रोसेसर
- स्टॉकपॉट

# ..ताकि तंग न करें सीढ़ियां



अगर आप भी अपना घर बनवाने जा रहे हैं तो उसमें सीढ़ियों का विशेष ध्यान रखें। सीढ़ियों की ऊंचाई और चौड़ाई का सही अनुपात, घर के सदस्यों को आसानी से ऊपरी मंजिलों तक पहुंचाने और नीचे लाने में सहायक होगा..

जमीन खरीदकर मनमाफिक आशियाना बनवाने की चाह रखने वालों की कमी आज भी कुछ कम नहीं। क्या आपकी भी कुछ ऐसी ही ख्वाहिश है? अगर जवाब हां में है तो प्लॉट पर घर की कंस्ट्रक्शन कराते समय कुछ चीजों का खास ध्यान रखना जरूरी है। कंस्ट्रक्शन से पहले जाहिर है सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आप सॉयल टेस्टिंग तो कराएंगे ही साथ ही घर को भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से सुरक्षित रखने भूकंप-रोधी संरचना तैयार कराने पर भी विचार करेंगे। इन सब के साथ यह जरूर ध्यान रखें कि जब आप घर का नक्शा या फिर डिजाइन किसी आर्किटेक्ट से डिजाइन कराएं तो उसे सीढ़ियों की ऊंचाई और चौड़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहें। वैसे अक्सर ऐसा भी होता है कि ज्यादातर लोग आर्किटेक्ट की मदद के बगैर ही कांट्रेक्टर के बताए नक्शे के मुताबिक प्लॉट पर कंस्ट्रक्शन कराना आरंभ कर देते हैं। इसका असर तब दिखता है जब वे घर में रहना शुरू करते हैं। ऐसी ही कुछ परेशानियों में सीढ़ियां भी एक हैं। अक्सर प्लॉट के आकार के छोटा होने पर तंग सीढ़ियां बना दी जाती हैं और फिर उस घर में रहने वाले जब भी सीढ़ियों पर चढ़ते उतरते हैं तो हमेशा तंग ही होते रहते हैं। ऐसे में कुछ चीजों का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है। आइये जानते हैं-

- सीढ़ियां बनाते समय हेड रूम का ध्यान रखना जरूरी है, जिससे कि लंबे व्यक्तियों का सिर छत से न टकराए। अक्सर ऐसा होता है कि जल्दीबाजी में सीढ़ियों से उतरते हुए सिर अथवा माथा छत या छज्जे से टकरा जाता है और चोट लग जाती है।
- सीढ़ियों को कम से कम 840 एमएम और ज्यादा से ज्यादा एक मीटर तक अपनी जरूरत के अनुसार रखना चाहिए।
- अच्छी सीढ़ी वही है जिसमें चढ़ते और उतरते वक्त आपको बहुत ज्यादा मेहनत न करनी पड़े। आम तौर पर किसी भी वयस्क का एक पग यानी स्टेप 600 एमएम यानी 2 फुट का होता है। इसको ध्यान में रखते हुए ही सीढ़ियों का निर्माण कराएं।
- यह ध्यान रखें कि सीढ़ियों पर ऊपर चढ़ते हुए दुगनी ऊर्जा लगानी पड़ती है, ऐसे में अगर सीढ़ियां ऊंची-नीची होंगी, उनमें सामंजस्य नहीं होगा तो दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी।
- घर में इस्तेमाल की जाने वाली सीढ़ियों में 250 एमएम का ट्रेड और 165 एमएम से 175 एमएम तक का राइजर इस्तेमाल में लाया जा सकता है। आप इसे ज्यादा से ज्यादा 220 तक का रख सकते हैं। अगर राइजर ज्यादा ऊंचा होगा तो पैर भी ज्यादा ऊंचाई तक उठाने होंगे, जिससे चंद सीढ़ियां चढ़ने के बाद ही थकान महसूस होने लगेगी।
- सीढ़ियां इस तरह डिजाइन कराई जानी चाहिए कि उस तक आसानी से पहुंचा जा सके।
- अगर कमरों के दरवाजे सीढ़ियों के साथ खुल रहे हों तो ऐसे में कम से कम 310 मिलीमीटर तक की न्यूनतम दूरी जरूरी बनाकर रखनी चाहिए। इसका फायदा यह होगा कि कमरे से सीढ़ियों तक आसानी से स्टेप-अप किया जा सकेगा।
- सीढ़ियों को कभी बहुत तंग नहीं रखना चाहिए। ऐसा होने से खासकर ऊपरी मंजिलों पर फर्नीचर चढ़ाने और उतारने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।
- सीढ़ियों की डेकोरेशन के लिए तमाम तरह के विकल्प मौजूद हैं। इन्हें सजाने में सबसे ज्यादा भूमिका रेलिंग की होती है। रेलिंग के लिहाज से आयरन या फिर स्टील फिनिश वाली रेलिंग का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

### एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन टॉपर्स के सम्मान में आयोजित हुआ विजयोत्सव

# विज्ञान संकाय में विवेक महला,आर्ट्स में स्नेहा डेला व एग्रीकल्चर संकाय में प्रिया चिड़ावा टॉपर बनी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**




माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा जारी 12वीं विज्ञान वर्ग के परीक्षा परिणाम में एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन, चिड़ावा के रिकॉर्ड 72 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर रचा कीर्तिमान। एम.डी ग्रुप ऑफ एजुकेशन सभागार में टॉपर्स विद्यार्थियों के सम्मान में सम्मान समारोह व विजयोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर चैयरमेन सुनील कुमार डांगी, प्रबंधक समित डाँगी व मैनेजमेंट सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह का विधिवत शुभारम्भ किया तथा उपस्थित छात्र -छात्राओं, शिक्षक व अभिभावकों का साफा बांधकर, माल्यार्पण व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय में विवेक महला पुत्र अशोक कुमार 97.80 प्रतिशत, आर्ट्स संकाय में स्नेहा डेला पुत्री बाबूलाल 96.80 व एग्रीकल्चर संकाय में प्रिया पुत्री उम्मेद सिंह 94.80 के साथ चिड़ावा टॉपर बनी। इसी क्रम में प्रिया पुत्री ओमप्रकाश 97 प्रतिशत, आशीष यादव पुत्र सुरेंद्र सिंह 96.40, सयाराम पुत्र विनोद कुमार 96.20, हितेश पुत्र सज्जन सिंह 95.60, साक्षी पुत्री महेश कुमार 95.40, पायल जांगिड़ पुत्री रमेश जांगिड़ 95.20 , अस्मिता पुत्री अनिल कुमार सैनी, तनीषा पुत्री विजेंद्र कुमार 94.80, साक्षी पुत्री प्रमोद कुमार नेहरा 94.20, टीना कटारिया पुत्री जयप्रकाश सैनी 94.20, 94.20 अंजलि पुत्री जगदीश प्रसाद 94.00, चिराग सोलंकी पुत्र रामावतार सोलंकी 94.00 , निखिल पुत्र सुरेंद्र सिंह , 94.00, रिया पुत्री राकेश कुमार 94.00 व सजल सागवान पुत्री जोगेंद्र सिंह 94.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल स्कूल में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया, बल्कि शिक्षा नगरी चिड़ावा में अपनी श्रेष्ठता को सिद्ध किया। एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन एक बार फिर जिले में शिक्षा का सर्वोच्च केंद्र सिद्ध हुआ है। इस आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा विद्यार्थी , शिक्षक व अभिभावक डी. जे. की धुन पर थिरकते नजर आये। इस कार्यक्रम में चैयरमेन सुनील कुमार डाँगी ने अपने सम्बोधन में इस सफलता का मूल मंत्र संस्कारमय वातावरण , निरंतर अभ्यास, शिक्षकों के प्रति विश्वास व अनुशासन को बताते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना प्रकट की। एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन सभागार में टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वर्तमान में एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा एम.डी. करियर लाइन चिड़ावा में कक्षा 6 से 10 प्री फाउंडेशन, 11 व 12 फाउंडेशन तथा आई.आई.टी., नीट आदि के टारगेट बैच की क्लासेज भी संचालित है।

# राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत 13 को लक्ष्मनगढ आयेंगे

### समाजसेवी आनंद कुमार बागड़ी स्मृति शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड 2026 में करेंगे शिरकत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से सैनी भवन के पास स्थित आनंद विला बागड़ी कोठी में समाजसेवी आनंद कुमार बागड़ी की 12वीं पुण्यतिथि पर 13 अप्रैल को आयोजित श्रद्धांजलि सभा, शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड 2026 व सरकारी सेवा में चयनित सैनी युवाओं के सम्मान में राज्यसभा सांसद व पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के चैयरमेन महेश बागड़ी ने बताया सिद्ध संत चंचल टीला आश्रम झुंझुनूं के पीठाधीश्वर ओमनाथ जी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी व उधोगपति बतौर अतिथि मंचस्थ रहेंगे।

# डॉ भीमराव अम्बेडकर व महात्मा ज्योतिबा फुले जयन्ती समारोहपूर्वक मनाई जायेगी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



डॉ अम्बेडकर विचार मंच तहसील शाखा की आवश्यक बैठक कोर्ट के पास स्थित डॉ अम्बेडकर भवन में जिलाध्यक्ष अर्जुनलाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

आयोजित बैठक में 11 अप्रैल को सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फूले की जयन्ती प्रातः 11:15 बजे तथा बाबा साहिब भारत रत्न व संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती 14 अप्रैल को प्रातः 11:15 बजे डॉ अम्बेडकर भवन में डॉ अम्बेडकर विचार मंच के सानिध्य में समारोहपूर्वक मनाई जायेगी। दोनों ही कार्यक्रमों की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अर्जुनलाल वर्मा करेंगे। बैठक में कार्यक्रम संयोजक तहसील अध्यक्ष भागीरथ मल फदनपुरा को बनाया गया। बैठक में जयन्ती कार्यक्रमों का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया है। बैठक में तहसील अध्यक्ष भागीरथ मल फदनपुरा, गणेश चौहान, हरलाल सिंह महरिया, हरफूल सिंह कसवाली, छोटेलाल आलड़िया, डॉ विमलेश रोहलण, पंकज रोहलण, बिरबलसिंह फदनपुरा, रामेश्वरलाल मंडीवाल, पन्नाराम घोटड़ सहित वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

# चिड़ावा में परमहंस स्कूल का परचम: रिकॉर्ड 80 विद्यार्थियों ने पाए 90' से अधिक अंक, विजयोत्सव के साथ मनाया 7वें फाउंडेशन डे-

### महारिकॉर्ड चिड़ावा व पिलानी ब्लॉक सहित संपूर्ण झुंझुनू जिले में केवल विज्ञान वर्ग में जिले में सर्वाधिक 80 विद्यार्थी 90' से अधिक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**



मंड्रेला बाईपास सर्किल स्थित परमहंस स्कूल (PCP) ने एक बार फिर शानदार परिणाम देकर झुंझुनूं जिले में अपनी अलग पहचान बनाई है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12 विज्ञान वर्ग के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के 80 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर नया रिकॉर्ड कायम किया। विद्यालय के 4 होनहार विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इनमें रेणु कुमारी ने 97.40', याशिका ने 97.20' तथा कुमारी खुशी और रेखा ने 97.00' अंक प्राप्त किए। इसके अलावा 11 विद्यार्थियों ने 96' से अधिक और 17 विद्यार्थियों ने 95' से अधिक अंक हासिल किए।

विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन भी देखने को मिला। 33 विद्यार्थियों ने गणित, 11 ने अंग्रेजी, 3 ने जीव विज्ञान और 2 विद्यार्थियों ने रसायन विज्ञान में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के संरक्षक बिरजू राम जांगिड़, निदेशक विक्रम जांगिड़ और सहनिदेशक मनोज जांगिड़ सहित स्टाफ सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसी दिन विद्यालय का 7वां स्थापना दिवस भी हर्षोल्लास से मनाया गया, जिसमें केक काटकर जश्न मनाया गया। इस मौके पर सभी टॉपर्स विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों का भव्य विजय जुलूस निकाला गया, जो मंड्रेला बाईपास से शुरू होकर मंड्रेला मोड़, कबूतरखाना, मुख्य बाजार, कल्याण जी मंदिर, पंडित जी मंदिर, ओजटू, चुंगी नाका, रेलवे स्टेशन, नया बस स्टैंड और सूरजगढ़ मोड़ होते हुए पुनः विद्यालय पहुंचकर संपन्न हुआ। संस्था निदेशक विक्रम जांगिड़ ने विद्यालय के 7 वर्षों के संघर्ष और सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में केवल विज्ञान वर्ग की कक्षाएं संचालित होती हैं और इसी कारण यह क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देने वाला अग्रणी संस्थान बन चुका है।विद्यालय मे नवसत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कक्षा 6 से 10 तक प्री-फाउंडेशन तथा जेईई और नीट फाउंडेशन व टारगेट के नए बैच संचालित किए जा रहे हैं। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय का अवश्य विजिट करें। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### राज्य स्तरीय सीनियर जूडो में प्रीति नायक ने जीता पदक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



**सूरजगढ़:** । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उरीका के शारीरिक शिक्षक व कोच राहुल नायक ने बताया 30 व 31 मार्च को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता में विद्यालय की प्रीति नायक पुत्री विनोद कुमार ने 48 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। प्रधानाचार्य विनोद कुमार जांगिड़ ने खुशी जताते हुए बताया की प्रति अनुशासित खिलाड़ी के साथ पढ़ाई में भी अच्छी हैं और इस सत्र में कक्षा 12 में 72.40' अंक प्राप्त करे हैं इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजयपाल, सूरजभान, पुलकित व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा और प्रीति को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# ठेले की छांव से निकली मेहनत की रोशनी: अंजली की सफलता ने लिखी समाज की नई इबारत

### अवधेश पटेल बोले– बेटियों की शिक्षा ही समाज की असली तरक्की का रास्ता

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल** । मंडावर क्षेत्र की साधारण गलियों से उठी एक असाधारण सफलता ने पूरे समाज को नई सोच और नई दिशा दी है। राजस्थान बोर्ड 12वीं आर्ट्स परीक्षा में 97.60 प्रतिशत अंक हासिल कर अंजली सैनी ने यह साबित कर दिया कि संघर्ष की मिट्टी में ही सफलता के बीज पनपते हैं। इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है और ग्रामीण परिवेश में शिक्षा की अहमियत को एक बार फिर केंद्र में ला खड़ा किया है। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज युवा अध्यक्ष अवधेश पटेल ने अंजली सैनी एवं उनके पिता राजूलाल सैनी का साफा और चुनरी पहनाकर सम्मान किया। सम्मान के इस क्षण को समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश बताते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल एक छात्रा का सम्मान नहीं, बल्कि उन सभी बेटियों और परिवारों का सम्मान है जो सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव की अलख जगा रहे हैं। अवधेश पटेल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अंजली की सफलता इस बात का प्रमाण है कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज की असली प्रगति तब ही संभव है जब बेटियां शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बनें, क्योंकि शिक्षा ही वह मजबूत आधार है जो उन्हें आत्मविश्वास के साथ नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का रास्ता देती है। ग्रामीण जीवन की सादगी और संघर्ष के बीच पली-बढ़ी अंजली की यह उपलब्धि यह भी दर्शाती है कि 'हौसलों की उड़ान को कोई दीवार रोक नहीं सकती।' पिता की मेहनत और बेटी के संकल्प ने मिलकर यह संदेश दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों तो कठिनाइयां भी राह बनाने लगती हैं।

यह सफलता अब एक मिसाल बन चुकी है, जो समाज को यह सोचने पर मजबूर करती है कि बेटियों को अवसर देना ही भविष्य को संवारना है। अंजली सैनी की उपलब्धि उस उजाले की तरह है, जो न केवल एक घर बल्कि पूरे समाज के अंधेरे को दूर करने की क्षमता रखती है।

# खेत में काम को लेकर जाते समय घोड़ा मधुमक्खियों ने किया हमला नांगली गांव में मधुमक्खियों के हमले में पिता ओर दो पुत्र हुए घायल

### नांगली के दयानंद रेवाड़ की हालात गंभीर ,अस्पताल में करवाया भर्ती

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा** । क्षेत्र के नांगली गांव में आज घर से खेत में जाते समय तो लोगों पर घोड़ा मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। इस घटना मे पिता दयानंद रेवाड़ सहित उनके दो पुत्रों को मधुमक्खियों ने हमला कर जख्मी कर दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल परिवार के सदस्य चिमनसिंह रेवाड़ ने बताया कि उनका बड़ा भाई दयानंद ओर भतीजे घर से कुछ ही दूरी पर स्थित अपने खेत स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों का झुंड सक्रिय हो गया और रह चलते पिता पुत्रों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए भागकर बचने का भी प्रयास किया गया। मधुमक्खियों के इस हमले में दयानंद रेवाड़ गंभीर घायल हो गए जिनको उपचार के लिए मंडावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉ विजेंद्र सिंह ने बताया कि मधुमक्खियों के काटने से एक जने को अधिक डंक लगने से सूजन और दर्द की शिकायत हुई। डॉ विजेंद्र सिंह ने बताया कि नांगली अनिल कुमार, अजय कुमार को प्राथमिक उपचार कर घर भेजा गया जबकि दयानंद को उपचार के लिए भर्ती किया गया है जिनका उपचार किया गया।

# मंडावा की आदर्श विद्या मंदिर का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम मनाया उत्सव, निकाला भव्य सम्मान जुलूस

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा** । आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम के उपलक्ष्य में आज सम्मान समारोह आयोजित कर भव्य सम्मान जुलूस आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गों से टॉपर्स के सम्मान में आकर्षक जुलूस निकाला गया। जुलूस में विद्यार्थियों,शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि अभिभावकगण ने विद्यालय की प्रतिभाशाली प्रतिभाओं का माल्यार्पण कर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने बताया कि कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के साथ-साथ कक्षा 10, 8 एवं 5–सभी स्तरों पर विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट एवं काबिले तारीफ रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया तथा सभी को बधाई दी। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार ने परीक्षा परिणाम साझा करते हुए बताया कि विज्ञान वर्ग में भूमिका जांगिड़ ने 97.40' अंक प्राप्त कर मंडावा टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। कला वर्ग में सिमरन ने 95.80' अंक प्राप्त कर टॉप किया, जबकि वाणिज्य वर्ग में पलक शर्मा ने 93.80' अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कुल 27 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। गोविन्द सोनी ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बीडीके अस्पताल,झुंझुनूं का शिशू रोग विभाग उच्च गुणवतापूर्ण सेवाओं के चलते हुआ मुस्कान सर्टिफाइड

### भारत सरकार की निरिक्षण टीम ने 96' अंक देकर मुस्कान सर्टिफाइड किया

### शिशुओं की देखभाल के कारण जिले का एकमात्र एवं सर्वप्रथम मुस्कान सर्टिफाइड बना बीडीके अस्पताल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**



जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल के शिशू औषध विभाग को पहली बार मुस्कान सर्टिफाइड किया गया है। निरिक्षण टीम ने चिकित्सा सेवाओं का बिंदुवार विश्लेषण करते हुए 96' अंक प्रदान किए। निरिक्षण टीम में उत्तरप्रदेश से डा नीरज पटेल एवं गोवा से डा चेतना खेमानी ने लगातार तीन दिन तक अस्पताल के प्रत्येक स्थान पर निरिक्षण किया गया है। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेन्द्र भाम्बू ने बताया कि अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं का गुणवत्ता के मानकों के तहत 96' अंक प्राप्त करना बहुत ही गौरवान्वित क्षण है। प्रशिक्षित स्टाफ, निरतंर रेजीडेन्ट डाक्टर्स के द्वारा मानिटारिंग,प्रतिदिन अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा दो बार राउंड लेकर रोगी उपचार करना एवं संसाधनों की उपलब्धता से ही संस्थान सर्टिफाइड हो पाया है।

मुस्कान प्रोग्राम के तहत भारत सरकार के द्वारा बाल स्वास्थ की गुणवतापूर्ण सेवाओं का मानिटारिंग कार्यक्रम है । टीम द्वारा राजकीय बीडीके जिला अस्पताल झुंझुनूं का राष्ट्रीय मूल्यांकन दिनांक 27-28 जनवरी 2026 को भारत सरकार द्वारा किया गया । भारत सरकार से नामित एसेसर्स द्वारा बाल एवं नवाजा शिशु से संबंधित 4 विभागों का एसेसमेंट किया गया जिसमें शिशु स्वास्थ्य ओपीडी,शिशु स्वास्थ्य आईपीडी, गहन स्वास्थ्य शिशु इकाई,एन आर सी विभागों का गहन मूल्यांकन किया गया। जिसमें प्रत्येक विभाग में 8 क्षैत्रों का मूल्यांकन किया गया।।स्वास्थ्य प्रबंधक एवं राष्ट्रीय एसेसर डा नावेद अख्तर ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य सेवाओं को सुगम,गुणवतापूर्ण एवं जवाबदेही के अनुसार उपलब्ध करना महत्वपूर्ण विषय है। इस अवसर पर आरएमओ डा सिद्धार्थ शर्मा, डा विजय झाझड़िया, डा वीडी बाजिया?,डा सुरेश मील,डा नेमीचंद,डा पूजा चौधरी,डा रविकांत,डा नयन झाझड़ियां ,डा राजेश डूडी ,डा विजेंद्र ज्याणीं ,डा सपना झाझड़ियां , सरिता कुल्हार,विनिता,भजनलाल सैनी, सीमा स्वामी, इंदुबाला,सतीश? रौहिला ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी गयी। सभी कार्मिकों ने कायाकल्प में भी उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लेते हुए सेवाएं प्रदान करने का संकल्प लिया।

# घरेलू गैस सिलेण्डरों के व्यवसायिक दुरूपयोग / अवैध भण्डारण कालाबाजारी करने वालो के विरूद्ध विभाग की कार्यावाही

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

मध्य-पूर्व संकट के दृष्टिगत एलपीजी पर्ति में में संभावित व्यवधान एवं कालाबाजारी पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु उच्च स्तर से निर्देश प्रदान किये गये थे जिसकी पालना मे जिले मे घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग करने वालो के विरूद्ध जिला रसद कार्यालय के द्वारा गठित टीम के सदस्य प्रवर्तन निरीक्षक सुरेन्द्र जिलोवा के द्वारा जिले के सूरजगढ एवं खेतड़ी ब्लॉक में 3 प्रतिष्ठानो पर कार्यवाही कर 7 घरेलू गैस सिलेण्डरों के व्यावसायिक उपयोग करने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की गई। घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग करने वालो के विरूद्ध कुल 7 घरेलू गैस सिलेण्डरों को जब्त कर लिक्विफाईड पेट्रोलियम, गैस आर्डर 2000 के प्रावधानों के उल्लंघन के कारण नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गई। विभाग की जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़ ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ओटीपी/ डीएसी डिलीवरी के वक्त ही मिलेगी। जिले के समस्त गैस एजेंसी संचालकों को सीसीटीवी चालू रखने के निर्देश दिये गये है। जिले मे पेट्रोल एवं डीजल की स्थिति समान्य है कही भी कोई अनावश्यक भीड़ की स्थिति नहीं है जिला प्रशासन का नागरिकों को पीएनजी अपनाने की अपील करता है एवं पाइपलाइन गैस से इंडस्ट्री एवं घरेलू उपभोक्ताओं को जोड़ने की गति में तेजी लाने के प्रयास निरन्तर किये जा रहे है। जिले के सभी नागरिकों से अपील है के अफवाहों पर ध्यान न दे।

# कक्षा 12 बोर्ड परिणाम में सरस्वती विद्यापीठ का शानदार प्रदर्शन, टॉपर्स का हुआ सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**



**पवन कुमार शर्मा ।** कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा परिणाम में सरस्वती विद्यापीठ शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पलसाना ब्लॉक में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। विद्यालय के इस शानदार परिणाम से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में बुधवार को विद्यालय परिसर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को माला, साफा और मेडल पहनाकर उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायरेक्टर रिछपाल सिंह रूलानिया रहे, जबकि अध्यक्षता सीबीएसई प्रिंसिपल राजेश गोदारा ने की। समारोह में विद्यालय परिवार और अभिभावकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम में कला संकाय की छात्रा कोमल बिजारणिया ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं विज्ञान संकाय की छात्रा कोमल कंवर शेखावत ने 96.40 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कोमल कंवर ने जीव विज्ञान में 100 में 100 तथा रसायन विज्ञान में 100 में 99 अंक प्राप्त किए। वहीं कोमल बिजारणिया ने भूगोल और राजनीति विज्ञान में 100 में 99 अंक हासिल किए और कुल अंकों में मात्र 11 अंक ही कम छोड़े। परिणाम की खुशी में छात्र-छात्राओं ने डीजे की धुन पर नृत्य कर उत्सव का माहौल बना दिया। कार्यक्रम में डायरेक्टर रिछपाल सिंह रूलानिया ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सभी का आभार व्यक्त किया।

### टॉपर्स ने साझा किए सफलता के मंत्र

कला संकाय की छात्रा कोमल बिजारणिया ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी। वहीं विज्ञान संकाय की छात्रा कोमल कंवर शेखावत ने बताया कि उन्होंने प्रतिदिन 7 से 8 घंटे नियमित अध्ययन किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें उत्कृष्ट अंक प्राप्त हुए। उन्होंने भी अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। इस दौरान प्रिंसिपल राजेंद्र कुमार मीणा सहित विद्यालय स्टाफ—बनवारीलाल कुमावत, सुरेश कुमार, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, सतवीर, गजेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद सैनी, जुगलकिशोर, लालचंद, बनवारीलाल, सीताराम, सुभाष कुमार, सुरेंद्र सिंह, कैलाश चंद्र, पन्नालाल, नीतू, संगीता, मीना, पूजा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिला फतेहाबाद में गैस व ईंधन आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई जारी

## छापेमारी में 36 सिलेंडर जब्त, घरेलू गैस के दुरुपयोग पर कड़ी निगरानी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



जिला में एलपीजी गैस सिलेंडर व पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक कुशल बूरा ने बताया कि उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

श्री बूरा ने बताया कि गैस की कालाबाजारी व जमाखोरी को रोकने के लिए ब्लॉक स्तर पर विशेष टीम का गठन किया हुआ है। इन टीम द्वारा जिलेभर में होटलों, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानों व ढाबों पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, ताकि घरेलू गैस का कमर्शियल उपयोग न हो सके। छापेमारी के दौरान 36 सिलेंडर अनुचित प्रयोग में पाए जाने पर जब्त किए गए हैं। संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है और भविष्य में भी ऐसे मामलों पर सख्ती जारी रहेगी। जिले में गैस आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह संतुलित है। विभिन्न तेल कंपनियों से प्राप्त सप्लाई और एजेंसियों के पास उपलब्ध स्टॉक के माध्यम से उपभोक्ताओं की जरूरतें पूरी की जा रही हैं। जिला में कार्यरत 23 गैस एजेंसियों के पास कुल 18454 सिलेण्डर स्टॉक में उपलब्ध हैं। सभी गैस एजेंसियों द्वारा 31 मार्च को कुल 4802 रिफिल जिले में किये गये थे। जिले में प्रतिदिन उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार तीनों तेल कंपनियों द्वारा घरेलू गैस की पूर्ति की जा रही है। अभी तक हेल्पलाइन नम्बर के माध्यम से कुल 96 शिकायतें प्राप्त हुई है। हेल्पलाइन नम्बर के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के लिए 24 घण्टे समाधान हेतु अलग-अलग शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बुकिंग व्यवस्था को और सरल बनाया गया है। नागरिक अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से गैस बुक कर ओटीपी के माध्यम से सुरक्षित तरीके से सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, प्रत्येक उपमंडल में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। विभाग द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 01667-230773 पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, जिले के सभी 161 पेट्रोल पंपों/रिटेल आउटलेट्स पर नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और ईंधन की आपूर्ति भी सुचारू रूप से जारी है। डीएफएससी ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने वॉटर कूलर अभियान का किया शुभारंभ

## जनसहयोग से भीषण गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की पहल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**



बढ़ती गर्मी के मद्देनज़र आमजन को राहत प्रदान करने हेतु जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग के मार्गदर्शन में वॉटर कूलर स्थापना अभियान का शुभारंभ किया गया। बुधवार को जिला कलक्टर कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में दो वॉटर कूलर्स का लोकार्पण कर 'शीतल जल सेवा' अभियान की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग एवं भामाशाह राजकुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता खोलकर वॉटर कूलर्स का उद्घाटन किया। यह कूलर स्वर्गीय श्रीमती संतरा देवी की पुण्य स्मृति में लहर फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित किए गए हैं। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि भीषण गर्मी में आमजन, विशेषकर कलेक्ट्रेट में आने वाले परिवादी एवं राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संस्थाओं के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि मात्र 48 घंटों में इस कार्य को धरातल पर उतारना सराहनीय पहल है। उन्होंने 20 से 25 स्थानों पर वॉटर कूलर स्थापित करने के लक्ष्य को जनहित में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर एवं भामाशाह का शॉल एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के पदाधिकारी, ट्रस्टीगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, गोपाल कृष्ण गुप्ता, डॉ. डी.एन. तुलस्यान, श्रवण केजरीवाल, पवन केडिया, परमेश्वर हलवाई, सुनील तुलस्यान सहित अन्य उपस्थित रहे। डॉ. डी.एन. तुलस्यान ने बताया कि यह अभियान स्थानीय एवं प्रवासी भामाशाहों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। अप्रैल से जून के मध्य जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यकतानुसार वॉटर कूलर स्थापित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को गर्मी में राहत मिल सके।

# फतेहाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई: बिजली कर्मचारी पर पिस्तौल तानने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** फतेहाबाद पुलिस ने सरकारी कर्मचारी पर हमला करने और ड्यूटी में बाधा डालने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को चंद घंटों में ही गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशानुसार की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुलवंत सिंह पुत्र गुरुदेव सिंह, निवासी वार्ड नंबर 1 रनिया (हाल आबाद गांव माजरा) के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि शिकायतकर्ता बिशन दास, जो दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में एएमएल के पद पर कार्यरत हैं, ने शिकायत दी थी कि विभागीय आदेशानुसार बकाया बिल वसूली अभियान के तहत गांव माजरा में एक उपभोक्ता का मीटर हटाया गया था।जब कर्मचारी बकाया बिल जमा होने के बाद दोबारा मीटर लगाने पहुंचा, तो आरोपी कुलवंत सिंह ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए विवाद शुरू कर दिया। इसी दौरान आरोपी ने पिस्तौल निकालकर कर्मचारी को जान से मारने की नीयत से धमकाया और उसके पीछे दौड़ पड़ा। कर्मचारी ने किसी तरह पड़ोसी के घर में छिपकर अपनी जान बचाई। घटना की गंभीरता को देखते हुए बिजली विभाग के एसडीओ के माध्यम से मिली शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज किया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं 121(1), 221, 132, 351(3) तथा आर्म्स एक्ट की धाराओं 25, 54, 59 के तहत मुकदमा नंबर 116/2026 दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है।

### पुलिस का सख्त संदेश

एसपी सिद्धांत जैन ने स्पष्ट कहा है कि सरकारी ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों या अधिकारियों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार, मारपीट या हथियार का इस्तेमाल बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि कर्मचारी बिना किसी भय के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

# सीताराम मंदिर में आज मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

## रात्रि जागरण, प्रसाद ओर धार्मिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे में मुकुन्दगढ़ रोड़ स्थित सीताराम मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। रावणा राजपुत समाज मंडावा अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह पंवार ने कार्यक्रमों को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांती इस वर्ष 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामूहिक हनुमान चालीसा, रात्रि जागरण, प्रसाद ओर अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। मंदिर सजावट सहित अन्य कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां जारी है। इस अवसर पर राजेश रणजीरोत,राजेन्द्र सिंह पंवार, गोविंद सिंह चौहान, किशोर सिंह जादू, राजकुमार निर्वाण, किशोर सिंह शेखावत, गजानंद पंवार, राजेन्द्र सिंह, हरीसिंह नरूका, सत्यनारायण खेजडोलिया, सुनील सिंह, राजेन्द्र सिंह नरूका, सीताराम मेड़तिया सहित अन्य समाज के गणमान्य जनों का सहयोग मिल रहा है।

# रूपाणा धाम भीमसर में नवकुंडीय महायज्ञ व श्रीराम कथा आज से




**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

रूपाणा धाम भीमसर झुंझुनूं में 02 अप्रैल से 10 अप्रैल तक नवकुंडीय महालक्ष्मी महायज्ञ व श्रीराम कथा का आयोजन होगा। यह जानकारी देते हुए आयोजक अमित चिराणिया व राजेश दोदराजका ने बताया कि जन कल्याण, विश्वशांति एवं पर्यावरण शुद्धि के उद्देश्य से आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में नवकुंडीय महायज्ञ, माताजी के दर्शन व नौ दिवसीय रामकथा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि रामानंदाचार्य धर्माचार्य महाराज नवसारी एवं महंत पवन महाराज के सानिध्य में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के दौरान राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता प्रेमा सखी अयोध्या धाम प्रतिदिन अपराह्न 3बजे से शाम 6 बजे तक कथा वाचन करेंगी।

# गेहूं खरीद तैयारियों का एसडीएम ने लिया जायजा, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**




**रजत विजय रंगा ।** उपमंडलाधीश आकाश शर्मा ने बुधवार को अनाज मंडी टोहाना, अतिरिक्त अनाज मंडी टोहाना, खरीद केंद्र नागला व ठरवा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गेहूं खरीद की तैयारियों और किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। एसडीएम ने मंडी और खरीद केंद्र में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया में किसानों की सुविधा सर्वोपरि रहनी चाहिए। उन्होंने खरीद का कार्य पूरी पारदर्शिता और सुचारू तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, एसडीएम ने अनाज भंडारण की व्यवस्था, वेट मशीनों के संचालन और खरीद से संबंधित बारीकियों की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि अनाज का सही वजन और उचित तरीके से खरीद सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान करने को कहा।एसडीएम ने किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया।

# श्री श्री जी महाराज मंदिर के स्थापना महोत्सव में अनवरत 72 घंटे श्रीमद् वाल्मीकि रामायण व सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**





यहां कबूतरिया कुआं के पास स्थित श्री श्री जी महाराज एवं श्री दानव दलन वीर हनुमान जी महाराज के 484वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 15 दिवसीय स्थापना महोत्सव के दौरान मंदिर में 72 घंटे तक निरन्तर श्रीमद वाल्मिकीय रामायण एवं श्रीमद वाल्मीकीय रामायण अन्तर्गत सुन्दरकाण्ड पाठ हो रहा है

यह जानकारी देते हुए मंदिर के महंत महावीर दास ने बताया कि 19 मार्च से 02 अप्रैल पूर्णिमा तक श्रीमद् वाल्मीकीय रामायण एवं सुंदरकांड पाठ निरन्तर किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में दिनांक 01 अप्रैल को प्रातः आठ से प्रातः ग्यारह बजे तक हनुमान जी महाराज का षोडशोपचार पूजन एवं अभिषेक तथा प्रातः 11 बजे से ले कर शाम 5 बजे तक श्री हनुमान जी महाराज का महामस्तकभीषेक, चमेलीतैलाभिषेक और शाम 8 बजे नवीन चोला धारण और हनुमान महाराज की महाआरती की गई । जबकि 02 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक निरन्तर दर्शन, मेला, प्रसाद वितरण और दोपहर 12 बजे श्री हनुमान जी महाराज की श्रीमहाआरती की जाएगी।

# नीमराना के प्राचीन हनुमान मंदिर में 76वां वार्षिक श्रद्धा और भक्ति मेला आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** नागोड़ी-सिलारपुर रोड पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर नीमराना में बुधवार, 1 अप्रैल को 76वां वार्षिक मेला श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया गया। इस मेले के अवसर पर दूर-दूर से श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और बाबा हनुमान के दर पर मत्था टेककर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रसाद अर्पित किया। इसके पश्चात मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मेले के दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलती रही। इस अवसर पर पंडित केशव शर्मा, शिवचरण गुप्ता, इन्द्र कुमार खंडेलवाल, कैलाश चंद शर्मा, लोकेश भारद्वाज, सतीश यादव, रामपाल कुमावत, भीम शर्मा, सुनील खंडेलवाल, राजीव मुदगल, सुरेंद्र योगी, झूथाराम पंच, योगेश भारद्वाज, रघुवीर सिंह, राजू यादव, बिल्लू यादव, लालाराम धनपत, जीतू, सतीश धानक सहित अनेक श्रद्धालु व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मेले में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को एकजुट किया और भक्ति का अद्भुत माहौल बन गया।

# सब -इंस्पेक्टर सादीराम, बसाऊराम, दलीप व सुनील को निरीक्षक पद पर पदोन्नति, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने दी बधाई

## कर्तव्यनिष्ठ एवं परिश्रमी अधिकारियों के योगदान को सराहा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन तथा निरंतर बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए एसआई सादीराम, एसआई बसाऊराम, एसआई दलीप नं. 457 व एसआई सुनील नं. 394 को निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस ने सभी अधिकारियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने इस अवसर पर कहा, 'सादीराम, बसाऊराम, दलीप व सुनील जैसे समर्पित, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हमारे विभाग की मजबूत नींव हैं। इनके उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन और सेवा भाव के कारण ही इन्हें यह पदोन्नति प्राप्त हुई है। मुझे विश्वास है कि ये सभी अधिकारी अपनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी व तत्परता के साथ करते हुए विभाग का नाम और ऊंचा करेंगे। ' पदोन्नत अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पदोन्नति उन्हें और अधिक मेहनत व समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर उपस्थित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने भी सभी अधिकारियों को पदोन्नति पर शुभकामनाएं दीं। मिठाई वितरण के साथ यह अवसर सौहार्द, टीम भावना तथा सकारात्मक कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने वाला रहा।

# 2017 के बहुचर्चित हत्या मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद, कोर्ट का बड़ा फैसला

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित गर्ग की अदालत ने वर्ष 2017 के बहुचर्चित हत्या मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कठोर कारावास तथा एक-एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। इस फैसले को पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने न्याय व्यवस्था में आमजन के विश्वास को मजबूत करने वाला बताया। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि यह निर्णय पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के साथ-साथ समाज में अपराधियों के लिए कड़ा संदेश है कि कानून से बच पाना संभव नहीं है। उन्होंने इसे 'अन्याय पर न्याय की जीत' बताया।जानकारी के अनुसार 6 जनवरी 2017 को थाना भट्टू कला क्षेत्र में रोशन लाल निवासी श्यामसुख पर जानलेवा हमला किया गया था। आरोपियों महेंद्र सिंह निवासी जाखौद खेड़ा, पवन कुमार निवासी ढिंगसरा और रमेश चंद निवासी फतेहाबाद ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया। गंभीर रूप से घायल रोशन लाल को सर्वोदय अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में थाना भट्टू कला में 15 जनवरी 2017 को मामला दर्ज कर भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 364, 307, 201, 120-बी और 34 के तहत जांच शुरू की गई।

### पुलिस की सटीक जांच और कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्परता से जांच करते हुए मजबूत साक्ष्य जुटाए। जांच के आधार पर आरोपी महेंद्र सिंह और पवन कुमार को 31 जनवरी 2017 को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीसरे आरोपी रमेश चंद को 7 अप्रैल 2017 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने 12 अप्रैल 2017 को समयबद्ध तरीके से चार्जशीट दाखिल कर मामले को मजबूत बनाया।

### प्रभावी पैरवी से मिला न्याय

अभियोजन पक्ष की ओर से जिला न्यायवादी देवेन्द्र मित्तल और सरकारी वकील नवदीप सिंह ने सशक्त पैरवी करते हुए ठोस साक्ष्य और गवाह पेश किए। इनके आधार पर अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई। यह फैसला न केवल पीड़ित परिवार के लिए राहत लेकर आया है, बल्कि समाज में कानून के प्रति विश्वास को और मजबूत करने वाला माना जा रहा है।

# जिला फतेहाबाद में रबी खरीद सीजन शुरू: अनाज मंडी में फसल खरीद के दौरान व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित रहे-डीसी

## डीसी डॉ. विवेक भारती ने फतेहाबाद अनाज मंडी का किया निरीक्षण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा ।** अनाज मंडी में फसल खरीद के दौरान व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित रहे इसके लिए संबंधित खरीद एजेंसी व मार्किट कमेटी अधिकारी हर स्तर पर बेहतरीन प्रबंध रखें। यह निर्देश डीसी डॉ. विवेक भारती ने दिए। वे बुधवार को फतेहाबाद स्थित अनाज मंडी व अतिरिक्त अनाज मंडी का दौरा कर खरीद प्रक्रिया का जायजा ले रहे थे। डीसी डॉ. भारती ने रबी फसल खरीद की स्थिति के मद्देनजर मंडी परिसर में विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरे के दौरान डीसी ने साफ-सफाई, पेयजल, शौचालयों के रखरखाव, बिजली आपूर्ति तथा फसल की ढुलाई एवं उठान से जुड़ी व्यवस्थाओं की जांच की और निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने खरीद प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए सभी मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी देखे और गेट पास से लेकर एग्जिट पास की व्यवस्था देखी। डीसी ने बताया कि मंडी में फसल लेकर आने वाले प्रत्येक वाहन की एंट्री के समय फोटो ली जाएगी, जबकि खरीद के दौरान किसानों का बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मंडी से फसल उठान के लिए बाहर जाने वाले प्रत्येक वाहन के लिए गेट पास अनिवार्य किया है और उनकी जीपीएस ट्रैकिंग भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे पूरी प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी संभव हो सके। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर किसानों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली आदि की समुचित व्यवस्था है ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीसी ने अटल केंटिन का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों से कहा कि वे किसानो और मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित दर अनुसार खाना मुहैया कराए। इसमें सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के ट्रैक पर गिरा यात्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुबह विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक व्यक्ति के ट्रैक पर गिरने के कारण लगभग डेढ़ घंटे तक येलो लाइन पर मेट्रो सेवा बाधित रही। कुछ देर तक इस लाइन पर मेट्रो सेवा रोकने और बाद में धीमी गति से चलने के कारण यात्रियों को परेशानी हुई। आफिस का टाइम होने के कारण इस लाइन के मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने पूर्वाह्न लगभग 11 बजे 'एक्स' पर यह जानकारी दी कि विश्वविद्यालया स्टेशन पर यात्री के ट्रैक पर आने के कारण येलो लाइन पर ट्रेन सेवा में देरी हो रही है। सुरक्षा कारणों से मेट्रो ट्रेनों का संचालन नियंत्रित कर दिया गया, जिससे ट्रेनें देरी से चलीं और कई स्टेशनों पर अधिक भीड़ बढ़ गई। इसे लेकर कई यात्रियों ने इंटरनेट मीडिया पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना था कि कितनी देर में मेट्रो सेवा सामान्य होगी इसकी जानकारी नहीं दी जा रही है। कई यात्रियों को यह कहना था कि किसी न किसी कारण से अक्सर मेट्रो की सेवा बाधित हो जाती है। दिल्ली मेट्रो पुलिस के अनुसार एक यात्री ट्रैक पर गिरने से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मेट्रोकर्मी घायल यात्री को बाड़ा हिंदू राव अस्पताल पहुंचा दिया था। पुलिस के अनुसार घायल की पहचान 51 वर्षीय करावल नगर निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि प्लेटफार्म के किनारे खड़े होने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वह ट्रैक पर गिर गए थे। उनके सिर में चोट आई है।

### भारतीय नौसेना को मिले तीन अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना को तीन नए युद्धपोत प्राप्त हुए। इनमें एडवांस्ड गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'दुनागिरी', सर्वेक्षण पोत 'संशोधक' और पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जलयान 'अग्रय' शामिल हैं। इनका निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) द्वारा किया गया, जो स्वदेशी रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एडवांस्ड गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'दुनागिरी' सबसे परिष्कृत प्लेटफार्मों में से एक है। 149 मीटर लंबा और 6,670 टन वजनी यह फ्रिगेट अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से सुसज्जित है, जिसमें उन्नत मिसाइल प्रणालियां और एक एकीकृत युद्ध प्रबंधन प्रणाली शामिल है। एक अधिकारी ने कहा, ''ब्रह्मोस एंटी-शिप और लैंड-अटैक क्रूज मिसाइलों के साथ-साथ उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस दुनागिरी नौसैनिक हमले और रक्षा क्षमताओं में महत्वपूर्ण छलांग है।'' संशोधक नामक जहाज एक सर्वेक्षण पोत है। लगभग 3,400 टन के विस्थापन और 110 मीटर की कुल लंबाई वाले संशोधक में अत्याधुनिक उपकरण लगे हैं। अग्रय अर्नाला श्रेणी के पनडुब्बी रोधी उथले जल पोतों में से चौथा है। यह आइएनएस अग्रय का नया रूप है, जो एक गश्ती पोत था और 2017 में सेवामुक्त कर दिया गया था। यह पूर्ण पैमाने पर सतह के नीचे निगरानी, खोज और हमले के अभियानों के साथ-साथ विमानों के साथ समन्वित अभियानों में सक्षम है, और हल्के टॉरपीडो और पनडुब्बी रोधी युद्धक राकेटों से लैस है।

### दहेज मौत मामले में पति बरी, गैरहाजिरी पर द्वारका कोर्ट ने ठहराया दोषी; कोई सजा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। द्वारका कोर्ट ने 2015 में पत्नी की आत्महत्या से जुड़े दहेज मौत और क्रूरता के मामले में आरोपित पति को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। हालांकि, अदालत ने आरोपित को अदालत में पेश न होने के कारण भारतीय दंड संहिता की धारा 174ए (घोषित अपराधी) के तहत दोषी ठहराया है। पर इसे लेकर अदातल ने किसी सजा या कार्रवाई का आदेश नहीं दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश स्वाति गुप्ता ने जाकिर हुसैन के खिलाफ धारा 498ए (पति द्वारा क्रूरता) और 304बी (दहेज मौत) के आरोपों पर सुनवाई करते हुए कहा कि मामले में ऐसा कोई ठोस साक्ष्य नहीं है, जिससे यह संकेत मिले कि आरोपित ने मृतका को आत्महत्या के लिए उकसाया या कोई सक्रिय भूमिका निभाई। अभियोजन के अनुसार, जाकिर की पत्नी नूर सबा ने जुलाई 2015 में उत्तम नगर स्थित घर में फांसी लगाने की कोशिश की थी और बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दोनों की शादी 9 अगस्त 2014 को हुई थी।

# एलबीएस स्कूल में जश्न का माहौल, टॉपर्स के सम्मान में निकली भव्य रैली

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणाम में एलबीएस इंटरनेशनल स्कूल, पचेरी बड़ी ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता साबित की है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार अंक प्राप्त कर न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय के छात्र विनय पुत्र शिशराम निवासी नयागांव ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में टॉप कर इतिहास रच दिया। विनय की इस सफलता ने सभी को गौरवान्वित किया है। खास बात यह है कि विनय एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखता है। उल्लेखनीय है कि विनय ने 10वीं कक्षा में भी 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल किया था। वहीं कला वर्ग में खुशी पुत्री सुनील कुमार निवासी पचेरी बड़ी ने 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दीपांशु पुत्र सुनील कुमार (गूंती) ने 94.80 प्रतिशत, पलक पुत्री लालाराम (रसुलपुर) ने 94.40 प्रतिशत, हवासिंह पुत्र मामचंद (ढाणा) ने 94.40 प्रतिशत तथा कला वर्ग में संजना पुत्री नरेश कुमार (सांतौर) ने 94.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम अत्यंत शानदार रहा। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 19 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगा दिए। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय के निदेशक सुरेश कुमार जांगिड़ ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। प्रबंधक निदेशक अतुल जांगिड़ ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सम्मान समारोह के बाद विद्यालय द्वारा भव्य रैली निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों की सफलता का जश्न मनाया गया। टॉपर विद्यार्थियों के घर जाकर उनके माता-पिता का भी सम्मान किया गया। इस दौरान परिजनों और ग्रामीणों ने डीजे की धुन पर नृत्य कर खुशी जाहिर की, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया।







## घोड़ी वाले की बेटी खुशी बनी टॉपर, पिता का सपना हुआ साकार

एलबीएस इंटरनेशनल स्कूल, पचेरी बड़ी की छात्रा खुशी पुत्री सुनील कुमार निवासी पचेरी कलां ने कला वर्ग में 94.60' अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। खुशी की इस उपलब्धि ने न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। खुशी के पिता सुनील कुमार घोड़ी रखने का कार्य करते हैं और वर्षों से स्कूल के टॉपर विद्यार्थियों को घोड़ी पर बैठाकर विजय जुलूस निकालने में सहयोग करते आए हैं। उनके मन में हमेशा यह सपना था कि एक दिन उनकी अपनी बेटी भी टॉपर बने और वह गर्व से उसे घोड़ी पर बैठाकर रैली निकालें। इस बार उनका यह सपना साकार हुआ। बेटी की सफलता पर भावुक हुए पिता ने खुशी को घोड़ी पर बैठाकर पूरे बाजार में विजय जुलूस निकाला। इस दौरान परिवार और ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए जश्न मनाया।खुशी की इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन के दम पर कोई भी सपना हकीकत बन सकता है।

# नोबल शिक्षण समूह का शानदार प्रदर्शन, ऐतिहासिक परीक्षा परिणाम के साथ रचा नया कीर्तिमान

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.पचेरी।**

राजस्थान बोर्ड परीक्षाओं (5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं) वर्ष 2026 में नोबल शिक्षण समूह ने उत्कृष्ट परिणाम देते हुए एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। इस वर्ष कुल 631 परीक्षार्थियों में से 536 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 95 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। विशेष बात यह रही कि 10वीं एवं 12वीं के 52 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। संस्था का कुल परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। इस ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में नोबल शिक्षण संस्थान, देवलावास में निदेशक इंजीनियर संदीप नेहरा के नेतृत्व में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा शिक्षकों के योगदान की सराहना की गई।

### प्रतिभाओं को तराशने का सफल प्रयास

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि हर व्यक्ति में प्रतिभा होती है, आवश्यकता केवल उसे सही दिशा देने की होती है। नोबल संस्थान के शिक्षकों ने ग्रामीण क्षेत्र की छुपी प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें निखारने का सराहनीय कार्य किया है। संस्था का यह प्रयास वर्षों से लगातार जारी है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को नई पहचान मिल रही है।

### नेतृत्व और रणनीति से मिली सफलता

एकेडमिक डायरेक्टर सुमन नेहरा ने बताया कि विद्यालय की सुनियोजित रणनीति और कुशल नेतृत्व के कारण हर वर्ष बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। वहीं डिप्टी डायरेक्टर अशोक शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रिंसिपल कृष्ण कुमार यादव ने विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों और शिक्षा नीतियों पर प्रकाश डालते हुए नए सत्र की शुरुआत नए संकल्प और ऊर्जा के साथ करने की बात कही।

## बोर्ड परीक्षा में 52 विद्यार्थियों ने 90' से अधिक अंक प्राप्त कर बढ़ाया गौरव







### अभिभावकों और शिक्षकों को सफलता का श्रेय

संस्था ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों को भी दिया है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि लगभग 90 प्रतिशत विद्यार्थियों का प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना इस बात का प्रमाण है कि सामूहिक प्रयास से असाधारण उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। नोबल शिक्षण समूह का यह 'सुपर डुपर रिजल्ट' न केवल क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

### समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश

निदेशक इंजीनियर संदीप नेहरा ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के लिए श्रेष्ठ नागरिक तैयार करना भी है। उन्होंने कहा कि नए सत्र में नई ऊर्जा और संकल्प के साथ विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा एवं संस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## पश्चिम एशिया में तनाव: इराक में अमेरिकन यूनिवर्सिटी पर हमला; तेल-ऊर्जा के बाद शिक्षा संस्थान जंग का नया मोर्चा

**बगदाद, एजेंसी।** प्रेस टीवी के अनुसार, इराक के सुलेमानिया में स्थित अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ इराक, सुलेमानी पर मंगलवार सुबह हमला किया गया। हालांकि, इस घटना पर अब तक यूनाइटेड स्टेट्स और इस्राइल की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब हाल के दिनों में ईरान और अमेरिका-इस्राइल के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ईरान ने आरोप लगाया है कि उसकी यूनिवर्सिटियों और वैज्ञानिक संस्थानों को निशाना बनाया जा रहा है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग के मुताबिक, ईरान के विज्ञान और स्वास्थ्य मंत्रियों ने संयुक्त बयान जारी कर अमेरिका और इज़राइल की कड़ी आलोचना की है। बयान में कहा गया कि मार्च 2026 से कई विश्वविद्यालयों और रिसर्च संस्थानों पर हमले हुए हैं। इनमें ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, शिराज यूनिवर्सिटी की फार्मेसी फैकल्टी, इस्फहान यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी और उर्मिया यूनिवर्सिटी का साइंस एंड टेक्नोलॉजी पार्क शामिल हैं। इन हमलों में शिक्षा और रिसर्च ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, साथ ही कई शिक्षकों और



शोधकर्ताओं की जान भी गई है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बघई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि इन हमलों का मकसद ईरान की वैज्ञानिक नींव और सांस्कृतिक विरासत को कमजोर करना है। इस बीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (द्धत्र्रन्नष्ट) ने 29 मार्च को अमेरिका को अल्टीमेटम जारी किया था। इसमें मांग की गई थी कि ईरान की यूनिवर्सिटियों पर हुए हमलों की निंदा की जाए।

## भारत आने वाले ईरानी विमान पर अमेरिका का हमला

### तेहरान ने कड़ी निंदा की; मानवीय मिशन बाधित

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान भारत के लिए उड़ान भर रहे मानवता मिशन विमान पर अमेरिकी हवाई हमले के बाद आगबबूला है। घटना के बाद ईरान ने इसे युद्ध अपराध करार दिया और अमेरिका पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। रिपोर्टों के अनुसार, महान एयर का यह विमान ईरान के मशहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाला था। यह विमान मानवीय सहायता मिशन के लिए नई दिल्ली आने वाला था, जहां से उसे राहत सामग्री ले जानी थी। हमले से विमान क्षतिग्रस्त हो गया और पूर्व नियोजित मानवीय सहायता मिशन बाधित हो गया।

भारत में ईरानी दूतावास ने कहा कि सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन के नियमों के अनुसार, मानवीय मिशनों में लगे नागरिक विमानों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। दूतावास ने लिखा दवाइयों और चिकित्सा उपकरणों को ले जा रहे इस ईरानी विमान पर हमला करना युद्ध अपराध है। ईरानी दूतावास ने बताया कि शिकागो कन्वेंशन (1944) और मॉन्ट्रियल कन्वेंशन (1971) के तहत, नागरिक विमानों पर हमले अंतरराष्ट्रीय अपराध माने जाते हैं। इसके अलावा जिनेवा कन्वेंशन के अतिरिक्त प्रोटोकॉल द्ध, अनुच्छेद 52 के अनुसार, नागरिक वस्तुओं पर हमले, जिनमें मानवतावादी सहायता विमान भी शामिल हैं, युद्ध अपराध में आते हैं। दूतावास ने अमेरिका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई की मांग की है और कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

**1 अप्रैल को नई दिल्ली पहुंचना था विमान:** बताया जा रहा है कि यह विमान 1 अप्रैल सुबह 4:00 बजे पहुंचने वाला था। इस




घटना के बाद देश में नागरिक उड्डयन की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। बता दें कि, महान एयर एक निजी स्वामित्व वाली ईरानी एयरलाइन है जो पश्चिम एशिया, मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिणपूर्व एशिया और पूर्वी एशिया के कई देशों में उड़ानें संचालित करती है।

क्षतिग्रस्त हुए विमान को भारत से दवाइयों सहित 11 टन मानवीय सहायता ईरान ले जानी थी। पहले की खेपों में भारतीय उड़ानों का इस्तेमाल नहीं किया गया था। ईरान के लिए भारत की पहली सहायता खेप 18 मार्च 2026 को भेजी गई थी। तब भारत ने कहा था कि यह सहायता दोनों देशों के बीच दोस्ती और सभ्यतागत संबंधों का प्रतीक है।

# संघर्ष के बीच बड़ी तैयारी में ट्रंप, समझिए कैसे ईरान की बढ़ गई मुश्किलें

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में एक महीने से ज्यादा समय से जारी संघर्ष के बीच अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक बड़ी रणनीति सामने आई है। जारी हमलों के बीच अब ट्रंप प्रशासन होर्मुज की खाड़ी पर अपना नियंत्रण वापस लेने की तैयारी कर रहा है। इस बात की जानकारी अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने दी। फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में बेसेंट ने कहा कि जल्द ही या तो अमेरिकी जहाजों या कई देशों के संयुक्त जहाजों के जरिए अमेरिका का नियंत्रण होर्मुज जलडमरूमध्य पर होगा। बेसेंट ने आगे बताया कि फिलहाल कुछ देश ईरान के साथ समझौते करके अपने जहाजों को जलडमरूमध्य पार करा रहे हैं। लेकिन समय के साथ अमेरिका इसे पूरी तरह नियंत्रित करेगा और वहां जहाजों को सुरक्षित रूप से गुजरने की स्वतंत्रता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने अपने बयान में इस बात पर जोर दिया कि बाजार में तेल की आपूर्ति अच्छी है और रोजाना कई जहाज़ जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं। लेकिन अंततः अमेरिका इस रास्ते पर फिर से नियंत्रण स्थापित करेगा।

**होर्मुज को लेकर वैश्विक चिंताएं:** बेसेंट का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते होर्मुज



जलडमरूमध्य को लेकर वैश्विक चिंता सातवें आसमान पर पहुंच गई है। इसका कारण है कि होर्मुज दुनिया के तेल प्रवाह का एक अहम मार्ग है और यह लगभग विश्व के एक पांचवें हिस्से के तेल के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यह योजना वैश्विक समुद्री और तेल बाजारों पर बड़े पैमाने पर असर डाल सकती है।

**रुबियो बोले- ईरान की नौसेना और मिसाइल लॉन्चरों को नष्ट कर रहे:** दूसरी ओर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने एबीसी न्यूज को बताया कि अमेरिका ने ईरान की नौसेना और रक्षा उद्योग को महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ईरान को हमेशा के लिए खाड़ी पर कब्जा करने की अनुमति नहीं देंगे और अमेरिका अपने उद्देश्यों को कुछ ही हफ्तों में हासिल कर लेगा। रूबियो ने कहा कि हम ईरान की नौसेना और मिसाइल लॉन्चरों को नष्ट कर रहे हैं और उनके रक्षा उद्योग को भी कमजोर कर रहे हैं, ताकि वे भविष्य में नए मिसाइल या ड्रोन न बना सकें।

**ईरान की धमकियों पर बिफरे रुबियो:** रुबियो ने खाड़ी के नियंत्रण पर ईरान की धमकियों पर भी चेतावनी दी। रूबियो ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के पास कई विकल्प मौजूद हैं और अगर ईरान खाड़ी पर कब्जा करने की कोशिश करेगा, तो अमेरिका उसे रोकने के लिए कार्रवाई करेगा। हालांकि ईरान ने अमेरिकी दावों को खारिज किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बगहेई ने कहा कि अमेरिका की बातचीत और कूटनीति की बातें विश्वसनीय नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका बार-बार अपनी स्थिति बदलता रहा है, जबकि ईरान ने हमेशा स्पष्ट रुख अपनाया है।

### पाकिस्तान की बातचीत बैठक से ईरान ने बनाई दूरी

ईरान ने हाल ही में पाकिस्तान के शाहीबाज शरीफ द्वारा आयोजित चार देशों की बैठक में हिस्सा भी नहीं लिया। इन घटनाओं के बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत में सकारात्मक प्रगति हुई है। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही कोई समझौता नहीं हुआ और हॉर्मुज की खाड़ी खुली नहीं तो अमेरिका ईरान के बिजली प्लांट, तेल कुओं और खार्ग द्वीप को नष्ट कर देगा। गौरतलब है कि ये बयानबाजी और धमकियों की घटनाएं ऐसे समय पर सामने आई हैं जब अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष अब दूसरे महीने में प्रवेश कर चुका है।

# रूस में ब्रिटिश राजनयिक पर जासूसी का आरोप, देश छोड़ने का आदेश; आतंकी मसूद अजहर के बड़े भाई की मौत



**मास्को, एजेंसी।** रूस ने ब्रिटिश दूतावास के दूसरे सचिव पर जासूसी और सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाते हुए उन्हें देश से निष्कासित कर दिया है। रूसी सुरक्षा (एफएसबी) के अनुसार उक्त राजनयिक अनौपचारिक बैठकों के जरिए रूस की अर्थव्यवस्था से जुड़ी संवेदनशील जानकारी जुटा रहे थे। एफएसबी ने इसे विध्वंसक गतिविधि बताते हुए अधिकारी को दो हफ्ते में रूस छोड़ने का अल्टीमेटम दिया है। एअर कनाडा के सीईओ माइकल रूसो इस वर्ष के अंत तक अपने पद से सेवानिवृत्त हो जाएंगे। यह निर्णय न्यूयॉर्क में हुए विमान हादसे के बाद उनके केवल अंग्रेजी में दिए गए शोक संदेश पर उपजे भारी विवाद के बाद आया है। दरअसल, हादसे में जान गंवाने वाले पायलटों में से एक एंटोनी फॉरेस्ट फ्रेंच भाषी थे जैश सरगना मसूद के भाई आतंकी ताहिर की संदिग्ध हालत में मौतपाकिस्तान के कुख्यात आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के बड़े भाई आतंकी ताहिर अनवर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने आधिकारिक रूप से इस बारे में कुछ नहीं कहा है लेकिन अनाधिकारिक रूप से अनवर की मौत की पुष्टि की है। हालांकि मौत की वजहों का खुलासा नहीं किया है। उसकी मौत बहावलपुर में हुई बताई जा रही है। ताहिर अनवर भी जैश से जुड़ा था और संगठन में बहुत अहम भूमिका निभाता था। बताया जाता है कि वह संगठन की सभी आतंकी योजनाओं में सक्रिय हिस्सेदारी करता था। सूत्रों के मुताबिक उसका अंतिम संस्कार बहावलपुर में जैश के मुख्यालय में किया जाएगा।

भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी घटना पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। ताहिर जैश के सैन्य मामलों का प्रमुख था और आतंकियों की ट्रेनिंग की पूरी जिम्मेदारी साल 2001 से संभाल रहा था। 62 साल का ताहिर अनवर 12 भाई बहनों में सबसे बड़ा था और आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के गठन से पहले मुर्गी पालन करता था।

कॉमेडियन और अभिनेता एलेक्स दुआंग का 42 की उम्र में निधन

लोकप्रिय स्टैंडअप कॉमेडियन और अभिनेता एलेक्स दुआंग का 42 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे एल्वेओलर रबडोमायोसार्कोमा नामक दुर्लभ कैंसर से जूझ रहे थे। उनके परिवार ने भावुक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, एलेक्स ने शांति से अंतिम सांस ली। वे अब दर्द से मुक्त हैं। दुआंग ने ब्लू ब्लड्स और डेक्सटर जैसे चर्चित शो में काम किया था।

मध्य अफ्रीकी गणराज्य के राष्ट्रपति ने तीसरी बार शपथ लीमध्य अफ्रीकी गणराज्य के राष्ट्रपति फॉस्टिन-आर्चेंज टौएडेरा ने तीसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली है। यह शपथ विवादित चुनाव के तीन महीने बाद हुई है। टौएडेरा को दिसंबर में हुए चुनाव में विजेता घोषित किया गया था, लेकिन विपक्षी दलों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव निष्पक्ष नहीं था। नए कार्यकाल की अवधि अब सात साल होगी, क्योंकि पहले संविधान में बदलाव कर दिया गया था। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका लक्ष्य देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना और संसाधनों का पारदर्शी इस्तेमाल करना है। हालांकि, देश में 2013 से जारी संघर्ष और अस्थिरता अभी भी चिंता का विषय है। कई विद्रोही समूह अब भी सक्रिय हैं, जिससे हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाए हैं।

बांग्लादेश में एक और पूर्व सैन्य अफसर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बांग्लादेश पुलिस की खुफिया शाखा (डीबी) ने बर्खास्त लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद अफजल नासिर (61) को राजधानी के मीरपुर से गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें रविवार देर रात हिरासत में लिया गया। कंबोडियाई संसद ने ऑनलाइन धोखाधड़ी केंद्रों के खिलाफ कड़ा कानून पारित किया है। इसमें दोषियों को उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। न्याय मंत्री केउत रिथ ने कहा कि यह कदम डिजिटल अरेस्ट और देश की खराब होती छवि को सुधारने के लिए उठाया गया है। हालांकि, हार्वर्ड के विशेषज्ञ जैकब सिम्स ने चेतावनी दी है कि जब तक नेटवर्क पूरी तरह खत्म नहीं होते, ये कानून निष्प्रभावी रह सकते हैं। चिली में स्कूल सुरक्षा सख्त करने की तैयारीचिली के राष्ट्रपति जोसे एंटोनियो कास्ट ने हाल ही में स्कूलों में बढ़ती हिंसा की घटनाओं के बाद सुरक्षा कड़ी करने का ऐलान किया है। पिछले शुक्रवार एक स्कूल में चाकू से हमला हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। इसके अलावा सोमवार को एक 15 साल का छात्र स्कूल में भरी हुई बंदूक लेकर घुसने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। इन घटनाओं के बाद सरकार अब स्कूलों में सख्त कदम उठाने की योजना बना रही है। राष्ट्रपति कास्ट ने कहा कि अब छात्रों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है और स्कूलों में प्रवेश के नियम और कड़े किए जाएंगे। शिक्षा मंत्री मारिया पाज अरजोला ने बताया कि एक नया कानून तैयार किया जा रहा है, जिसके तहत शिक्षक छात्रों के बैग की जांच कर सकेंगे। साथ ही स्कूलों में मेटल डिटेक्टर लगाने की योजना भी तेज की जाएगी। हालांकि चिली में स्कूलों में हथियारों से हमले आम नहीं हैं, लेकिन हाल के घटनाक्रम ने सरकार और समाज दोनों को चिंता में डाल दिया है।

सरकार का कहना है कि बदलते हालात को देखते हुए अब सख्त कदम उठाना जरूरी हो गया है, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।53 साल बाद इंसान फिर जाएगा चांद परअमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 53 साल बाद इंसानों को फिर से चांद पर भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए 'आर्टेमिस-2' मिशन का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह रॉकेट बुधवार शाम को लॉन्च किया जाएगा

## पत्रकारों से बदसलूकी पर इस्राइली सेना की कार्रवाई

### बटालियन को किया निलंबित; सेनाध्यक्ष ने जताया खेद



**यरुशलम, एजेंसी।** इस्राइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने वेस्ट बैंक के जुडिया और सामरिया इलाके में पत्रकारों के साथ अपने सैनिकों के गलत व्यवहार को स्वीकार किया है। चीफ ऑफ द जनरल स्टाफ की अगुवाई में हुई एक आंतरिक जांच के बाद सेना ने यह कदम उठाया है। यह मामला 'एरिया ए' में एक अवैध चौकी को खाली कराने के अभियान से जुड़ा है। इस्राइली सेना ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि चीफ ऑफ द जनरल स्टाफ ने पत्रकारों के प्रति सैनिकों के आचरण की जांच पूरी कर ली है


।जांच में पाया गया कि पत्रकारों के साथ व्यवहार के दौरान सैनिकों से कई गलतियां हुईं। रिपोर्ट के अनुसार, सैनिकों के व्यवहार के तरीके में कमियां थीं और उन्होंने सेना के आदेशों का उल्लंघन किया। सैनिकों ने प्रेस के सदस्यों के साथ बातचीत के लिए तय किए गए नियमों का पालन नहीं किया। जांच के नतीजों से पता चला कि उस इलाके में तैनात सैनिकों ने सैन्य प्रोटोकॉल को नजरअंदाज किया।

ऑपरेशन वाले क्षेत्रों में पत्रकारों के साथ कैसे पेश आना है, इसके लिए बने नियमों को तोड़ा गया। इन गलतियों ने यूनिट के अनुशासन और नियमों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।बटालियन को किया गया निलंबितइन कमियों को देखते हुए इस्राइली सेना ने तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई की है। सेना ने उस इलाके में तैनात बटालियन के ऑपरेशनल तैनाती को तुरंत निलंबित कर दिया है। सेना ने अपना रुख साफ करते हुए कहा कि वह प्रेस की आजादी का सम्मान करती है और उसे बढ़ावा देती है। सेना ने इस घटना पर गहरा खेद जताया है। यह कदम मीडिया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह भरोसा दिलाने के लिए उठाया गया है कि सेना प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति प्रतिबद्ध है।

मुख्य सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर ने इस मामले पर कड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने इसे एक गंभीर नैतिक घटना बताया जो सेना के मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हर सैनिक भर्ती के समय शपथ लेता है कि हथियारों का इस्तेमाल केवल मिशन को पूरा करने के लिए होगा। हथियारों का इस्तेमाल कभी भी बदला लेने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

## किसी और की जंग में मत कूदो', खाड़ी देशों को रूस की सख्त चेतावनी, यूएस-इस्राइल पर साधा निशाना

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि खाड़ी देशों को किसी और के युद्ध में घसीटना बेहद खतरनाक होगा और इससे पूरे क्षेत्र में अस्थिरता और बढ़ सकती है। मॉस्को से जारी बयान के अनुसार, लावरोव ने गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) देशों के विदेश मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस में बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि रूस खाड़ी के देशों की संप्रभुता और उनकी क्षेत्रीय अखंडता का पूरी तरह समर्थन करता है और उनके खिलाफ किसी भी तरह के हमले को गलत मानता है। सर्गेई लावरोव ने खास तौर पर चेतावनी दी कि इन देशों को 'किसी और की लड़ाई' में शामिल करना ठीक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिक इलाकों, खासकर बिजली, पानी और ऊर्जा से जुड़े ढांचे पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं, क्योंकि इससे आम लोगों की जिंदगी पर सीधा असर पड़ता है। पिछले एक महीने से पश्चिम एशिया में हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। यह संघर्ष 28 फरवरी से शुरू हुआ था, जब अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने अमेरिका के सहयोगी देशों और इस्राइल को निशाना बनाना शुरू कर दिया।



## इस्राइलियों की हत्या के दोषी फलस्तीनियों को मिलेगी मौत की सजा, इस्राइल की संसद में पास हुआ नया

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल में एक बड़ा और विवादित फैसला सामने आया है। देश की संसद नेसेट ने सोमवार को एक ऐसा कानून पास किया है, जिसमें इस्राइलियों की हत्या के दोषी पाए जाने वाले फलस्तीनियों के लिए मौत की सजा का प्रावधान रखा गया है। इस कानून के तहत, अगर वेस्ट बैंक के किसी फलस्तीनी को राष्ट्रवादी वजह से हत्या का दोषी पाया जाता है, तो उसे फांसी दी जा सकती है। यानी ऐसे मामलों में मौत की सजा अब मुख्य सजा होगी। बता दें कि इस बिल को पास कराने में इस्राइल के दक्षिणपंथी नेताओं की बड़ी भूमिका रही। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू खुद संसद में मौजूद रहे और उन्होंने इस कानून के समर्थन में वोट दिया। हालांकि, यह कानून सिर्फ आगे होने वाले मामलों पर लागू होगा, पुराने मामलों पर नहीं। साथ ही अदालतों के पास यह अधिकार भी रहेगा कि वे चाहें तो उम्रकैद की सजा भी दे सकती हैं, यहां तक कि इस्राइली नागरिकों के मामलों में भी। गौर करने वाली बात यह है कि जहां एक ओर इस्राइल में इस कानून को लेकर खूब चर्चाएं चल रही हैं। दूसरी ओर इस फैसले की कई मानवाधिकार संगठनों ने कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि यह कानून भेदभावपूर्ण, बेहद कठोर (सख्त) है और इससे हिंसा रुकने की संभावना भी कम है। वहीं फलस्तीनी संगठनों ने भी इसे अन्यायपूर्ण बताया है।

इस्लाइली सुप्रीम कोर्ट जाने का प्रावधान भी

हालांकि मामले में अब माना जा रहा है कि इस कानून को इस्राइल की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। कुल मिलाकर, यह कानून इस्राइल-फलस्तीन तनाव को और बढ़ा सकता है और आने वाले समय में इस पर कानूनी और राजनीतिक लड़ाई देखने को मिल सकती है।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री ने ईरान युद्ध से पैसा बनाने की कोशिश की रिपोर्ट के दावे पर पेंटागन ने दिया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ एक बार फिर विवाद में फंसते नजर आ रहे हैं। दरअसल मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान पर हमले से कुछ सप्ताह पहले पीट हेगसेथ का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रोकर ने रक्षा केंद्रित फंड में निवेश करने की कोशिश की थी। रायटर्स ने फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि एक ब्रोकर, जो मॉर्गन स्टेनली के साथ काम करता है, उसने फरवरी में दिग्गज निवेशक कंपनी ब्लैकरॉक से संपर्क किया था। ब्रोकर ने ब्लैकरॉक को डिफेंस इंडस्ट्रियल एक्टिव ईटीएफ में निवेश के लिए मनाने की कोशिश की थी। यह ब्रोकर रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ का भी प्रतिनिधित्व करता है। ब्लैकरॉक का 3.2 अरब डॉलर का इक्विटी फंड उन कंपनियों पर फोकस करता है, जो सरकारी रक्षा खर्च से मिलने वाले फायदे पर फोकस करती हैं। भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध की स्थिति में इ कंपनियों का फायदा और बढ़ जाता है। इन कंपनियों में आरटीएक्स, लॉकहीड मार्टिन और नॉर्थरॉप ग्रुमन जैसी कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों के अमेरिकी रक्षा विभाग के साथ नजदीकी संबंध हैं। हालांकि प्रस्तावित निवेश फाइनल नहीं हो सका। ये अभी स्पष्ट नहीं हो सका है कि पीट हेगसेथ के ब्रोकर ने किसी अन्य रक्षा संबंधित फंड में निवेश किया या नहीं। पेंटागन ने आरोपों को खारिज कियाइस रिपोर्ट के बाद आरोप लगे कि रक्षा मंत्री को ईरान युद्ध की जानकारी थी और इस जानकारी के आधार पर पीट हेगसेथ ने निवेश के जरिए पैसा बनाने की कोशिश की। हालांकि पेंटागन ने इन दावों को खारिज कर दिया है। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पारनेल ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कहा कि रक्षा मंत्री पर जो आरोप लगे हैं ।

## ईरान के इस्फहान में 2000 किलो के बम से हमला, राष्ट्रपति ट्रंप ने साझा किया वीडियो



**वाशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में संकट दिन-ब-दिन और भयानक होता जा रहा है। आसमान मिसाइलों से जल रहा है, जमीन धमाकों से कांप रही है और हर दिन नयी तबाही का खतरा अलग से। अमेरिका और इस्राइल का ईरान के साथ जारी ये संघर्ष अपने 32वें दिन में प्रवेश कर चुका है और संकट अभी भी बरकरार है। देखा जाए तो अब यह युद्ध केवल सीमाओं तक नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया को डर और चिंता में डाल चुका है। हालात अब नियंत्रण से बाहर हैं और कोई समाधान फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा। ईरान ने कुवैत के तेल टैंकर को निशाना बनाया है। सोमवार को दुबई के बंदरगाह पर कुवैत के तेल टैंकर पर हमला किया गया, जिससे टैंकर में आग लग गई। इस हमले के चलते समुद्र में तेल फैलने का खतरा भी पैदा हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल टैंकरों को निशाना बनाया जा रहा है। ईरान के इस्फहान में अमेरिका ने 2000 किलो बंकर बस्टर बम से किया हमलाईरान के इस्फहान शहर में धमाके हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। ईरान के इस्फहान शहर की आबादी करीब 23 लाख है और यहीं पर ईरानी सेना का बद्र सैन्य अड्डा भी है। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, अमेरिकी सेना ने इस्फहान के हथियार डिपो पर 2000 किलो वजनी बंकर बस्टर बम से हमला किया। इस्फहान में ही ईरान का संवर्धित यूरेनियम का भंडार भी रखा है। बीते साल जब अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था, तब भी इस्फहान में परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया था।ईरान की राजधानी तेहरान में छाया अंधेराईरान की राजधानी तेहरान में कई इलाकों में अंधेरा छा गया है। दरअसल हमलों में तेहरान के बिजली प्लांट्स को नुकसान पहुंचा है, जिससे पूर्वी तेहरान में कई इलाके बिना बिजली के रहने के मजबूर हैं। वहीं ईरान के समर्थन में इराक के उग्रवादी संगठनों ने अमेरिकी सैन्य अड्डों पर बीते दिन 19 हमले किए। इनमें कई ड्रोन हमले शामिल हैं। दक्षिणी लेबनान में इस्राइल के चार और सैनिकों की मौतइस्राइली सेना ने बताया कि दक्षिणी लेबनान में ऑपरेशन के दौरान चार और इस्राइली सैनिकों की मौत हो गई है। इसके साथ ही दक्षिणी लेबनान में बीती 2 मार्च से अब तक ऑपरेशन के दौरान जान गंवाने वाले इस्राइली सैनिकों की संख्या 10 हो गई है। भारत ने ह शांति सैनिकों पर हमले की निंदा कीभारत ने लेबनान में ह शांति सैनिकों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। भारत ने कहा कि शांति सैनिक मुश्किल हालात में काम करते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा सबसे जरूरी होनी चाहिए। भारत ने मारे गए सैनिकों को श्रद्धांजलि भी दी।

### आईडीएफ ने आधे से अधिक लक्ष्य हासिल किए

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफ चल रहे अमेरिका-इस्राइल संयुक्त सैन्य अभियान को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन अब आधे से आगे पहुंच चुका है और इसका अगला मुख्य लक्ष्य ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को सुरक्षित करना या हटाना है। एक इंटरव्यू में न्यूजमैक्स से बातचीत करते हुए नेतन्याहू ने दावा किया कि इस अभियान में अब तक अह,म सफलताएं हासिल हुई हैं। उनके मुताबिक, ईरान की सैन्य और परमाणु क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया गया है।ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान नेतन्याहू ने बताया कि अमेरिका और इस्राइल की सेनाओं ने मिलकर ईरान के मिसाइल सिस्टम, हथियार फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कई प्रमुख वैज्ञानिकों को निशाना बनाया है।

## पश्चिम एशिया में तनाव : इराक में अमेरिकन यूनिवर्सिटी पर हमला ; तेल–ऊर्जा के बाद शिक्षा संस्थान जंग का नया मोर्चा



**बगदाद, एजेंसी।** प्रेस टीवी के अनुसार, इराक के सुलेमानिया में स्थित अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ इराक, सुलेमानी पर मंगलवार सुबह हमला किया गया। हालांकि, इस घटना पर अब तक यूनाइटेड स्टेट्स और इस्राइल की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब हाल के दिनों में ईरान और अमेरिका-इस्राइल के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ईरान ने आरोप लगाया है कि उसकी यूनिवर्सिटियों और वैज्ञानिक संस्थानों को निशाना बनाया जा रहा है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग के मुताबिक, ईरान के विज्ञान और स्वास्थ्य मंत्रियों ने संयुक्त बयान जारी कर अमेरिका और इज़राइल की कड़ी आलोचना की है। बयान में कहा गया कि मार्च 2026 से कई विश्वविद्यालयों और रिसर्च संस्थानों पर हमले हुए हैं। इनमें ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, शिराज यूनिवर्सिटी की फार्मेसी फैकल्टी, इस्फहान यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी और उर्मिया यूनिवर्सिटी का साइंस एंड टेक्नोलॉजी पार्क शामिल हैं। इन हमलों में शिक्षा और रिसर्च ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, साथ ही कई शिक्षकों और शोधकर्ताओं की जान भी गई है

## ईरान का आरोप– 'वैज्ञानिक ढांचे को खत्म करने की साजिश'अमेरिका में वर्क वीजा नियमों में बड़ा बदलाव,

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी नागरिकता और आप्रवासन सेवा (यूएससीआईएस) ने फॉर्म आई-129 से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव किए हैं। ये नए नियम 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे। इस बदलाव के बाद, अगर कोई आवेदन पुराने फॉर्म (01/20/25 एडिशन) में भेजा जाता है, तो विभाग उसे स्वीकार नहीं करेगा।फॉर्म आई-129 का इस्तेमाल अमेरिकी कंपनियां विदेशी कर्मचारियों के लिए करती हैं। यह फॉर्म उन लोगों के लिए भरा जाता है जो अमेरिका में अस्थायी रूप से काम करने या ट्रेनिंग लेने आते हैं। इसमें कई गैर-आप्रवासी वीजा शामिल हैं। फॉर्म आई-129 के नए एडिशन में वित्त वर्ष 2027 के H-1B कैप सीजन के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब यह नई वेतन-आधारित लॉटरी प्रणाली के तहत काम करेगा। नए फॉर्म में नियोक्ताओं को नौकरी के लिए जरूरी न्यूनतम शिक्षा की विस्तृत जानकारी देनी होगी। इसके साथ ही पढ़ाई का सटीक विषय, न्यूनतम अनुभव की जरूरत और यह भी बताना होगा कि क्या उस पद पर सुपरवाइजर की जिम्मेदारियां शामिल हैं। ये वही जानकारियां हैं जिनका इस्तेमाल अमेरिकी श्रम विभाग वेतन का स्तर (लेवल ढ्ढ से लेवल IV) तय करने के लिए करता है। भारत आने वाले ईरानी विमान पर अमेरिका का हमला, तेहरान ने कड़ी निंदा की; मानवीय मिशन बाधित




## डेट्रॉइट में यहूदी मंदिर पर हमले का हिजबुल्ला कनेक्शन ; एफबीआई बोला– आरोपी ने वीडियो में बताए थे खतरनाक इरादे

**डेट्रॉइट, एजेंसी।** अमेरिका के मिशिगन के डेट्रॉइट इलाके में मार्च की शुरुआत में एक यहूदी मंदिर (सिनेगॉग) पर ट्रक से हुए हमला के मामले में एक बड़ी खबर सामे आ रही है। मामले में अब फेडरल ब्यूरो ऑफ इनेस्टिगेशन (एफबीआई) ने सोमवार को बड़ा दावा करते हुए बताया कि हमला करने वाला व्यक्ति अयमान गजाली ईरान समर्थित आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह से प्रेरित था। डेट्रॉइट में एफबीआई की प्रमुख जेनिफर रन्यान ने कहा कि गजाली ने हमले से पहले एक वीडियो बनाकर अपनी हिंसक मंशा जाहिर की थी। वीडियो में उसने कहा था कि वह जितने ज्यादा लोग मार सके, मारना चाहता है। बता दें कि ये घटना बीते 12 मार्च की है। हमले का शिकार मंदिर 'टेम्पल इस्राइल' है, जो 'रिफॉर्म यहूदी धर्म' का हिस्सा है। यह यहूदी धर्म की सबसे बड़ी शाखा है और सामाजिक न्याय और समानता जैसे मुद्दों पर जोर देती है। मंदिर की स्थापना 1941 में डेट्रॉइट में हुई थी। 1980 के दशक में इसे वेस्ट ब्लूमफील्ड में ले जाया गया। अब इसके 12,000 से अधिक सदस्य हैं। अब समझिए पूरा घटना क्रमएफबीआई के अनुसार डियरबॉर्न हाइट्स में रहने वाला गजाली मंदिर की पार्किंग में कुछ घंटों तक रुका रहा। इसके बाद उसने बंद दरवाजों को तोड़कर अपना पिकअप ट्रक मंदिर के अंदर घुसा दिया। ट्रक बच्चों के कक्षा वाले वाले हिस्से में पहुंच गया और वहां एक सुरक्षा गार्ड को टक्कर मार दी। उसके बाद गजाली ने एक और सुरक्षा गार्ड के साथ गोलीबारी की और अंत में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। हमले के समय ट्रक में आग लग गई थी और उसमें कई पेट्रोल के डिब्बे और बड़े पटाखे रखे हुए थे।गजाली की पत्नी ने पहले दी थी चेतावनीहालांकि गनीमत रही कि मंदिर में मौजूद 150 बच्चों और कर्मचारियों में किसी को चोट नहीं आई। बचाव दल ने तुरंत सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दूसरी ओर 911 कॉल रिकॉर्डिंग से पता चला कि हमले से पहले गजाली की पहली पत्नी ने पुलिस को फोन करके चेतावनी दी थी।




## अमेरिका–इस्राइल पर तेहरान का कड़ा प्रहार : होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर लगेगा टोल, ईरान संसद से मिली मंजूरी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान की संसद की सुरक्षा समिति ने होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रबंधन से जुड़ी एक बड़ी योजना को हरी झंडी दे दी है। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, इस योजना के तहत इस महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते से गुजरने वाले जहाजों से टैक्स (टोल) वसूला जाएगा। राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के एक सदस्य ने बताया कि इस योजना को आधिकारिक तौर पर मंजूरी मिल गई है। इसमें कई मुख्य बातों पर ध्यान दिया गया है। इनमें जलडमरूमध्य की सुरक्षा व्यवस्था, जहाजों की सुरक्षा, पर्यावरण का बचाव और पैसों के लेन-देन के नियम शामिल हैं। खास बात यह है कि जहाजों को टैक्स का भुगतान ईरान की मुद्रा रियाल में करना होगा। किसे मिलेगी अनुमति इस नई योजना में अमेरिका और इस्राइल के जहाजों के प्रवेश पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, उन देशों के जहाजों को भी यहां से गुजरने की अनुमति नहीं मिलेगी जो ईरान के खिलाफ एकतरफा प्रतिबंधों में शामिल हैं। यह योजना इस क्षेत्र में ईरान और उसकी सेना की ताकत को और मजबूत करती है।

करण जौहर ने स्टेज पर

# अनन्या पांडे

## के साथ कौन सी हरकत की? जिसे देख आग बबूला हुए लोग



फिल्मी दुनिया में कुछ भी हो और वो सोशल मीडिया पर वायरल न हो ऐसा हो ही नहीं सकता और ऐसे ही एक वीडियो के चलते फिल्ममेकर करण जौहर भी ट्रोल हो रहे हैं. दरअसल, हाल ही में करण अनन्या पांडे के साथ इवेंट में नजर आए इस दौरान करण जौहर की एक हरकत ने लोगों के बीच उन्हें चर्चा का विषय बना दिया है. इतना ही नहीं लोगों के बीच वीडियो के वायरल होने के बाद से उन पर अलग-अलग तरह के सवाल भी खड़े हो रहे हैं, साथ ही गुस्सा भी जाहिर कर रहे हैं.करण जौहर के जिस वीडियो को लेकर ट्रोल किया जा रहा है, जो कि पुरानी है. ये वीडियो 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन के अनाउंसमेंट के दौरान की है. हाल ही में एक सोशल मीडिया यूजर ने इस वीडियो को दोबारा से शेयर किया है, जिसके बाद इसने फिर से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है. वीडियो की बात की जाए, तो इसमें स्टेड पर करण जौहर अनन्या पांडे के बगल में खड़े नजर आ रहे हैं, इस दौरान करण ने अनन्या की बैक थपथपाई.




**अलग-अलग रिएक्शन आए सामने**

करण की इस हरकत के बाद अनन्या ने वापस से करण के साथ पोज देना शुरू कर दिया. इस पर वीडियो शेयर करने वाले यूजर ने लिखा है, लगता है करण जौहर ने अनन्या पांडे को अनकंफर्टेबल कर दिया है. सोशल मीडिया पर सर्फेस हो रही इस वीडियो पर लोगों के अलग-अलग रिएक्शन सामने आ रहे हैं, कई लोगों ने करण की इस हरकत को गलत बताते हुए उन पर नाराजगी जाहिर की है. हालांकि, इस मामले के इतने बढ़ने के बाद से अनन्या या फिर करण दोनों में से किसी ने भी इस पर ऑफिशियल बयान नहीं दिया है.

**'कॉल मी बे' का दूसरा सीजन**

वहीं अनन्या के अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में बात करें, तो 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन के लिए लोग काफी एक्साइटेड हैं. पहले सीजन को लोगों ने खूब पसंद किया था और एक्ट्रेस की भी खूब तारीफ हुई थी. अब दूसरे सीजन में कहानी क्या मोड़ लेने वाली है, ये देखना दिलचस्प होने वाला है. ये सीरीज अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होगी. जानकारी के मुताबिक, नए सीजन में अनन्या पांडे का किरदार खुद का न्यूज शो शुरू करते दिखेगी.

# विवियन डीसेना

## के घर आया नन्हा मेहमान, पत्नी नूरान ने बेटे को दिया जन्म



टीवी के स्टार एक्टर और बिग बॉस 18 के रनर अप रहे विवियन डीसेना के घर खुशियों ने दस्तक दी है. विवियन डीसेना एक बार फिर पिता बन गए हैं. पत्नी नूरान अली ने बेटे को जन्म दिया है. विवियन डीसेना अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को काफी प्राइवेट रखते हैं, इसलिए किसी को




इस बारे में नहीं पता था कि नूरान अली प्रेग्नेंट हैं. अब कपल ने फाइनली गुड न्यूज दे दी है. विवियन और नूरान की पहले एक बेटी है, जिसके बाद अब उन्हें एक बेटा हुआ है. ये खुशखबरी खुद विवियन डीसेना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कर दी.विवियन डीसेना अपनी दमदार एक्टिंग के साथ ही पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहते हैं. 30 मार्च, सोमवार को विवियन ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर सबको हैरान कर दिया, लेकिन खबर ऐसी थी कि सबके चेहरे पर खुशी आ गई. विवियन और नूरान दूसरी बार पेरेंट बन गए हैं. विवियन डीसेना की पत्नी नूरान ने नन्हे शहजादे को जन्म दिया है.

**विवियन डीसेना बने पिता**

विवियन डीसेना ने अपने इंस्टा अकाउंट पर बेटा होने की गुड न्यूज फैंस के साथ शेयर की. विवियन ने पोस्ट में लिखा, कुछ समय के लिए लोगों की नजरों से ओझल हो गया था.. किसी वजह से नहीं्कुछ कहानियां का ऐलान नहीं किया जाता है, इनमें जिया जाता है. हमारा साम्राज्य अब बड़ा हो गया है और इस बार प्रिंस है. इस पोस्ट के साथ विवियन डीसेना हैशटैग में बेबी बॉय और न्यूज बिगनिंग यानी नई शुरुआत लिखा है. विवियन के इस पोस्ट पर सेलेब्स और फैंस ने बधाई देनी शुरू कर दी.

जिन्हें नहीं पता उन्हें बता दें कि विवियन डीसेना ने 2022 में मिस्र की जर्नलिस्ट नूरान अली से दूसरी शादी की थी. कपल ने 2022 में एक बेटी के माता-पिता बने थे, जिसका नाम 'लायान' है. विवियन ने हमेशा ही अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखा है. 'बिग बॉस 18' में विवियन ने खुलासा किया कि उनकी 3 बेटियां हैं, जिसमें से 2 सौतेली हैं और 1 बायोलॉजिकल बेटी है.

## परवीन बाबी की बायोपिक अटकी, तृप्ति डिमरी निभाने वाली थीं लीड रोल, अब क्या होगा?




हिंदी सिनेमा में 70 और 80 के दशक में अपने बोल्ड और बिंदास अंदाज़ से सबको हैरत में डालने वाली परवीन बाबी को गुज़रे 21 साल से ज्यादा का वक्त हो गया है. पर उनकी दीवानगी अब भी कायम है. यही वजह है कि लंबे वक्त से परवीन बाबी की बायोपिक की चर्चा होती रही है. पिछले कुछ वक्त से कहा जा रहा था कि जल्द उनकी बायोपिक पर काम शुरू होने वाला है. कहा जा रहा था कि तृप्ति डिमरी बायोपिक में उनका रोल निभाएंगी. हालांकि शुरू होने से पहले ही अब इस प्रोजेक्ट पर ब्रेक लग गया है.

कुछ वक्त से परवीन बाबी की बायोपिक को लेकर बज़ देखा जा रहा था. पर मेकर्स ने अब प्रोजक्ट को होल्ड पर डाल दिया है. मेकर्स फिर से फिल्म की स्टोरीलाइन पर विचार कर रहे हैं. परवीन बाबी दरअसल अपने जमाने की सबसे बड़ी अभिनेत्रियों में से नहीं थीं, लेकिन उनकी लाइफ ऐसी रही है, जिससे उनकी कहानी काफी दिलचस्प हो जाती है. ऐसे में उनकी कहानी को फिल्म में तब्दील करना इतना आसान नहीं.

**मौजूदा स्वरूप में आगे नहीं बढ़ेगा प्रोजेक्ट**

बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ये फिल्म अपने मौजूदा स्वरूप के साथ आगे नहीं बढ़ रही है. ऐसे में साफ है कि इसके काम पर इसलिए ब्रेक लगाया गया है ताकि इसकी रूपरेखा पर फिर से गौर किया जा सके. मेकर्स इस प्रोजेक्ट पर फिर से आगे बढ़ने से पहले इसके मटेरियल यानी स्क्रिप्ट और कास्ट पर दोबारा विचार करना चाहते हैं.

**पहले बननी थी लिमिटेड सीरीज**

तृप्ति डिमरी को परवीन बाबी के किरदार को निभाने के लिए साइन किया गया था. एक वक्त पर इसे लिमिटेड एडिशन सीरीज के तौर पर बनाया जाना था. नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होने वाले इस प्रोजेक्ट का सोनाली बोस निर्देशन करने वाली थीं. इसी साल मार्च में शूटिंग भी शुरू होनी थी. हालांकि फिलहाल मामला अधर में फंस गया है. मेकर्स फिल्म बनाएंगे या सीरीज़ या फिर प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला जाएगा? ये सवाल बना हुआ है.

## 53 साल बाद एक साथ नजर आईं फरीदा जलाल-अरुणा ईरानी, इंडियन आईडल के मंच पर लगे चार चांद




आज के दौर में गुजरे जमाने के गानों और सितारों के कमबैक का एक दौर सा चल पड़ा है. इन सितारों को लोग न सिर्फ देखना चाहते हैं, बल्कि नए फिल्ममेकर्स इन्हें मौका दे रहे हैं, ताकी उस सुनहरे दौर को वापस लाया जा सके, जिसके दम पर आज भी बॉलीवुड का नाम है. बॉलीवुड की दो ऐसी ही सदाबहार एक्ट्रेसेस को एक साथ देखने का मौका फैंस को हाल ही में मिला, टीवी के सबसे बड़े रियेलिटी शोज में से एक इंडियन आइडल के मंच पर.

इंडियन आइडल के मंच पर फैंस को एक बड़ा ,सरप्राइज मिला, जब गुजरे जमाने की दो जबरदस्त अदाकाराएं फरीदा जलाल और अरुणा ईरानी ने शिरकत की. दोनों एक्ट्रेसेस को देखकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा. दोनों ने लगभग 53 सालों के बाद एक साथ कोई मंच शेयर किया. दोनों ने 'कलियों का चमन'



और 'बागों में बहार' जैसे अपने मशहूर गानों पर डांस किया.

**कमाल की जुगलबंदी**

सिंगर श्रेया घोषाल ने 'रहें न रहें हम' सॉन्ग गाया और फरीदा और अरुणा ने उसे काफी एंजॉय किया. जैसे-जैसे दोनों कलाकार डांस करते रहे, सेट पर कंटेस्टेंट्स और ऑडियंस की एनर्जी बढ़ती गई और कंटेस्टेंट्स भी तालियों के साथ शामिल हो गए. फरीदा जलाल इस वक्त 77 साल की हैं वहीं अरुणा की उम्र इस वक्त 79 साल है. दोनों को एक साथ एक मंच पर देखना किसी ट्रीट से कम नहीं था.

**फरीदा जलाल और अरुणा ईरानी वर्कफ्रंट**

फरीदा जलाल को दर्शकों ने हाल ही में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'ओ रोमियो' में देखा था. अब फरीदा को 'वेल्कम टू जंगल' में देखा जाएगा. वहीं अरुणा ईरानी पिछले साल जलसो अ फैमिली इनविटेशन और केसरी वीर में नजर आई थीं.

जब फरीदा जलाल और अरुणा ईरानी परफॉर्म कर रही थीं, तब विशाल ददलानी सीटी बजाते नजर आए, वहीं श्रेया घोषाल ने दोनों कलाकारों का उत्साह बढ़ाया.

